


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल





वर्ष 03, अंक 266 | ग्वालियर, मंगलवार 29 सितम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### लद्दाख में भूलकर भी कोई गलती न करें चीन, हर खतरे से निपटने के लिए ब्रह्मोस, आकाश और निर्भय तैयार

**नई दिल्ली।** भारत-चीन के बीच लद्दाख में महीनों से चले आ रहे सीमा विवाद की वजह से किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए भारतीय सेना ने पूरी तैयारी कर ली है। सेना ने लद्दाख की वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों की बड़ी संख्या में तैनाती कर रखी है। इस बीच, सेना ने 500 किलोमीटर रेंज वाली ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल, सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल और 800 किलोमीटर की रेंज वाली निर्भय मिसाइल को भी तैयार रखा है। वहीं, पीएलए के पश्चिमी थिएटर कमांड ने लद्दाख गतिरोध शुरू होने के बाद तिब्बत और शिनजियांग में 2,000 किमी रेंज वाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल और हथियारों को तैनात किया था। इस मामले से परिचित लोगों ने सहयोगी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स को बताया कि भारत ने भी किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए सुपरसोनिक ब्रह्मोस , सबसोनिक निर्भय और आकाश को तैयार कर लिया है। चीन की तैनाती कब्जे वाले अक्साई चिन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वास्तविक नियंत्रण रेखा के काशगर, होटन, ल्हासा, निंगची की डेप्थ पॉजिशन तक है। भारत के तैयार हथियारों में ब्रह्मोस मिसाइल शामिल है, जोकि हवा से हवा और हवा से सतह तक मार करने की क्षमता रखती है। 300 किलोग्राम के वॉरहेड वाली क्रूज मिसाइल के जरिए तिब्बत और शिनजियांग के एयरस्ट्रिप पर नजर रखी जा सकती है। ब्रह्मोस मिसाइल को लद्दाख सेक्टर में पर्याप्त संख्या में तैयार रखा गया है। इसके अलावा, ब्रह्मोस का इस्तेमाल भारत के द्वीप क्षेत्रों में कार निकोबार एयर बेस का उपयोग करके हिंद महासागर में चोक पॉइंट बनाने के लिए किया जा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय वायुसेना का कार निकोबार एयर बेस स-30 स्र्वाढ्ढ के लिए सबसे शानदार लैंडिंग ग्राउंड है, जिसका एयर-टू-एयर रिफ्यूलेर्स का उपयोग कर सकते हैं। यह इंडोनेशिया में मलक्का स्ट्रेट से सुंडा स्ट्रेट तक आने वाले किसी भी पीएलए युद्धपोत के खतरे से सुरक्षा प्रदान करता है।

### लखनऊ के नागेश्वरनाथ मंदिर में लूट का विरोध करने पर पुजारी की पत्नी की हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ में बंथरा के बेती गांव में नागेश्वरनाथ मंदिर परिसर में बने कमरे में पुजारी की पत्नी दीपिका ( 50 ) की गला घोट कर हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह उनका शव चारपाई पर मिला। कमरे का सारा सामान बिखरा पाया गया। दान पात्र का ताला टूटा था और उसमें रखे रुपये गायब थे। दीपिका जब सुबह सात बजे तक नहीं उठी तो घर के बाहर सो रहे अन्य सदस्य उनके कमरे में पहुंचे तब हत्या का खुलासा हुआ। घर वालों का कहना है कि लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने दीपिका की हत्या कर दी। कमरे से चांदी के जेवर भी गायब मिले हैं। शुरुआती पड़ताल के बाद पुलिस कई अन्य बिन्दुओं पर पड़ताल कर रही है। पुलिस लूट से इनकार कर रही है। बेती गांव में इस मंदिर से सटे परिसर में पुजारी दीप नारायण अपने परिवार के साथ रहते हैं। मंदिर परिसर में भी दो कमरे बने हुए हैं। दीपनारायण ने दो शादी की है। दोनों पत्नियां दीपिका व कुसुमा भी साथ ही रहती हैं। रविवार रात को दीपिका मंदिर परिसर में बने कमरे में सोने चली गई जबकि बाकी लोग बाहर सोए। दीपिका रोज सुबह चार बजे मंदिर की सफाई करती थी, फिर सात बजे तक आरती की तैयारी कर देती थी। सोमवार सुबह जब वह सात बजे तक दिखी तो पुजारी कमरे में पहुंचे। अंदर दीपिका मृत पड़ी थी। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे।

### सोनिया गांधी की कांग्रेस शासित राज्यों को सलाह

# कृषि कानून के खिलाफ पारित करें कानून

**नई दिल्ली.** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी शासित प्रदेशों की सरकारों से सोमवार को कहा कि वे केंद्र सरकार के कृषि विरोधी कानूनों को निष्प्रभावी करने के लिए अपने यहां कानून पारित करने की संभावना पर विचार करें। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सोनिया ने कांग्रेस शासित प्रदेशों को सलाह दी है कि वे संविधान के अनुच्छेद 254 (ए) के तहत कानून पारित करने के संदर्भ में गौर करें।

वेणुगोपाल ने कहा कि यह अनुच्छेद इन कृषि विरोधी एवं राज्यों के अधिकार क्षेत्र में दखल देने वाले केंद्रीय कानूनों को निष्प्रभावी करने के लिए राज्य विधानसभाओं को कानून पारित करने का अधिकार देता है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में कांग्रेस की सरकारें हैं। महाराष्ट्र और झारखंड में वह गठबंधन सरकार का हिस्सा है। वेणुगोपाल ने दावा किया, राज्य के इस कदम से



कृषि संबंधी तीन कानूनों के अस्वीकार्य एवं किसान विरोधी प्रावधानों को दरकिनार किया जा सकेगा। इन प्रावधानों में न्यूनतम समर्थन मूल्य को खत्म करने और कृषि उपज विपणन समितियों (एपीएमसी) को बाधित करने का प्रावधान शामिल है। कांग्रेस महासचिव ने यह भी कहा, कांग्रेस शासित प्रदेशों की ओर से कानून पारित करने के बाद वहां किसानों को उस घोर अन्याय से मुक्ति मिलेगी जो मोदी सरकार और भाजपा ने उनके साथ किया है। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न मानसून सत्र में संसद ने कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्द्धन और सुविधा) विधेयक-2020 और कृषक (सशक्तीकरण एवं संरक्षण) कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक-2020 को मंजूरी दी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को इन विधेयकों को मंजूरी प्रदान कर दी, जिसके बाद ये कानून बन गए हैं।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का बड़ा बयान

# शासन अपने हाथ लेने पर करना होगा विचार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर ममता बनर्जी के शासन पर प्रहार करते हुए कहा है कि उन्हें राज्य की शक्तियां अपने हाथ लेने पर विचार करना होगा। गवर्नर जगदीप धनखड़ ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि तृणमूल सरकार ने पश्चिम बंगाल को पुलिस स्टेट में बदल दिया है और इसलिए वह संविधान के अनुच्छेद 154 पर विचार करने पर मजबूर हो जाएंगे, क्योंकि उनके दफ्तर को लंबे समय से इग्नोर किया जा रहा है। गौरतलब है कि राज्य की कार्यपालिका शक्ति को बताने वाले संविधान के अनुच्छेद 154 में कहा गया है कि राज्य की कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होगी और वह इसका प्रयोग इस संविधान के अनुसार स्वंय या अपने अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा करेगा।

डीजीपी वीरेंद्र को लिखे लेटर के जवाब को गैर-जिम्मेदार और कठोर बताते हुए धनखड़ ने कहा कि पुलिस सत्ताधारी टीएमसी के निजी काडर के रूप में काम कर रही है। उन्होंने कहा, यदि संविधान



की रक्षा नहीं की गई, तो मुझे ऐक्शन लेना होगा। राज्यपाल के दफ्तर को लंबे समय से इग्नोर किया जा रहा है। मैं संविधान के अनुच्छेद 154 पर विचार करने को मजबूर हो जाऊंगा। गवर्नर ने यह भी कहा कि टीएमसी सरकार की ओर से इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की वजह से वह वॉट्सऐप कॉल के जरिए बात करने पर मजबूर हैं। राज्यपाल ने कहा, पश्चिम बंगाल एक पुलिस स्टेट में बदल चुका है। पुलिस शासन और लोकतंत्र साथ-साथ नहीं चल सकते। राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। माओवादी उग्रवाद अपना सिर उठा रहा है। आतंकवादी मॉड्यूल भी राज्य में सक्रिय हैं। जुलाई 2019 में राज्यपाल पद पर नियुक्ति के बाद से ही धनखड़ और टीएमसी सरकार के बीच टकराव रहा है। राज्यपाल ने इसी महीने डीजीपी विरेंद्र को राज्य की कानून-व्यवस्था पर चिंता जाहिर करते हुए लेटर लिखा था। डीजीपी की ओर से दो लाइन के जवाब के बाद उन्होंने 26 सितंबर को डीजीपी को मिलने के लिए बुलाया था।

### सुशांत सिंह ने आत्महत्या की या हत्या हुई? महाराष्ट्र के गृहमंत्री के सवाल पर सीबीआई का जवाब

**मुंबई।** सुशांत सिंह राजपूत मौत के मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने कहा है कि जांच एजेंसी प्रोफेशनल तरीके से तहकीकात कर रही है और सभी पहलुओं को देखा जा रहा है। सीबीआई ने यह भी कहा है कि अभी तक किसी भी पहलु से इनकार नहीं किया गया है। सीबीआई का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है जब सुशांत सिंह के परिवार ने कहा है कि जांच का फोकस ड्रग्स केस की ओर मुड़ गया है। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के गृहमंत्री ने भी कहा कि अभी तक यह नहीं पता चला है कि सुशांत ने आत्महत्या की या उनकी हत्या हुई। सीबीआई ने सोमवार को बयान जारी करके कहा, सीबीआई सुशांत सिंह राजपूत मामले की जांच प्रोफेशनल तरीके से कर रही है, जिसमें सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और अभी तक किसी भी संभावना से इनकार नहीं किया गया है। जांच अभी जारी है। मुंबई के फ्लैट में 14 जून को फंदे से लटके मिले सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले की जांच शुरुआत में मुंबई पुलिस ने की। बाद में बिहार सरकार की सिफारिश पर केस को सीबीआई के हवाले कर दिया गया। इस केस में ड्रग्स और मनी लॉन्ड्रिंग का एंगल सामने आने के बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और ईडी ने भी केस दर्ज किया। इससे पहले महाराष्ट्र के गृहमंत्री अनिल देशमुख ने कहा कि वह सीबीआई जांच के नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, सुशांत सिंह राजपूत केस की जांच मुंबई पुलिस पेशेवर तरीके से कर रही थी लेकिन अचानक इसे सीबीआई को सौंप दिया गया। हम भी इसके नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लोग पूछते हैं कि उन्होंने आत्महत्या की या हत्या हुई। हम जांच नतीजों का इंताजर कर रहे हैं।

### विकास दुबे की तरह एनकाउंटर का डर

# इंस्पेक्टर का पैर पकड़ कर बोला गैंगस्टर, साहब गोली मत मारना

**कानपुर।** गैंगस्टर के मामले में जिस 15 हजार के इनामी पशु तस्कर को पुलिस तलाश रही थी वह गले में तख्ती डालकर हाथ जोड़े संभल के नखासा थाने में सरेंडर करने पहुंचा। थाने में



घुसते ही कोतवाल के पैरों में गिरकर गुहार लगाई, साहब मैंने सरेंडर कर दिया, अब गोली मत मारना। असमोली थाना क्षेत्र के गांव मंसूरपुर माफी निवासी पशु तस्कर नईम उर्फ बड्डा के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। पकड़ में नहीं आया तो उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गैंगस्टर के मामले की जांच कर रहे नखासा कोतवाल धर्मपार्ल सह नईम की गिरफ्तारी के लिए कई दिन से छापेमारी कर रहे थे। पुलिस की सख्ती देखकर नईम ऐसा घबराया कि अलग ही अंदाज में सरेंडर करने के लिए नखासा थाने पर पहुंच गया। गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद पशु तस्कर की गिरफ्तारी पर पन्द्रह हजार रुपये का इनाम घोषित हुआ तभी उसे मुठभेड़ में पुलिस द्वारा गोली मार दिये जाने का डर सताने लगा था। घर और रिश्तेदारियों में पुलिस छापेमारी के बाद डर बढ़ा तो फिर गले में तख्ती डालकर दिन के उजाले में थाने में सरेंडर करने का मन बनाया ताकि पुलिस की गोली से बच सके। पशु तस्करी के मामलों में जेल जा चुके असमोली थाना इलाके के मंसूरपुर निवासी नईम उर्फ बड्डा के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई तो गिरफ्तारी का प्रयास भी किया गया। वह हत्थे नहीं आया तो पुलिस ने 5 जुलाई को उसे फरार अपराधी घोषित कर दिया गया। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी पर पन्द्रह हजार रुपये का इनाम पुलिस अधीक्षक की तरफ से घोषित कर दिया गया। नईम उर्फ बड्डा इनामी अपराधी बन गया तो नखासा थाने के साथ ही जनपद के बाकी थानों की पुलिस भी उसे तलाशने लगी। नखासा कोतवाल धर्मपार्ल सह ने पिछले एक सप्ताह के दौरान नईम उर्फ बड्डा की तलाश में उसके घर व रिश्तेदारियों में लगातार छापेमारी की।

# युवा जनकल्याण सेवा समिति द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह

**अमित शर्मा रिपोर्टर**

**ग्वालियर /** युवा जनकल्याण सेवा समिति द्वारा आज गोले के मंदिर गौशाला प्रांगण में 100 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ताओं का स्वागत समारोह आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परम पूजनीय संत कृपाल सिंह महाराज कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम कुमार सिंह सिकरवार कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह तोमर बी पी सिंह राजावत शिवनाथ सिंह कुशवाह रजनी तोमर पहले सिंह कुशवाह राम लखन सिंह सिकरवार महेश सिंह भदोरिया प्रदीप सिंह सिकरवार बरखा श्रीवास्तव रहे इस कार्यक्रम में संत श्री कृपाल सिंह महाराज ने गौ सेवा के ऊपर बिस्तर व्याख्यान दिया तथा युवाओं से आहवान किया कि आप सभी युवा इसी तरह समाजिक कार्यों को नई गति प्रदान करें राष्ट्र के निर्माण में आप सब अदितिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर 100 से अधिक सामाजिक कार्यकर्ता ओ का सम्मान भी किया गया जो विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रहे



है। इसका कार्यक्रम में युवा जनकल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सिंह सिकरवार, हेमंत भदोरिया, सुरजीत सिंह राजावत, शिवम भदोरिया, सह बाज खान, धर्मेंद्र सिंह चौहान, रवि प्रजापति, ललित मराठा विवेक चौहान, अवधेश पंडित, विवेक चौहान, दीपेस राजपुर सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस राम रोटी संग्रह कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की इस अवसर पर समस्त अतिथियों ने राम रोटी रथ का उद्घाटन भी किया जो हर मोहल्ले से राम रोटी का संकलन किया जाता है वह राम रोटी गौशाला तक इसी रथ पर रखकर गोशाला लाई जाती हैं। कार्यक्रम के अंत में समिति के सचिव सुरजीत राजावत में सभी अतिथियों का धन्यवाद किया एवं सभी लोगों ने अल्पाहार करके अपने अपने गंतव्य पर रवाना हुए।

# सीएम योगी बोले - राफेल आने के बाद भारत से थर्राने लगा चीन, बोलती हो गई बंद

**उन्नाव।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बांगरमऊ की एक राइस मिल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राफेल आने के बाद भारत से चीन थर्रा गया है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के लोग राफेल राफेल चिल्ला रहे थे। देश में राफेल आ गया तो चीन की बोलती बंद हो गई। कांग्रेस और अन्य विरोधी दल देश की जनता को सिर्फ गुमराह करने का काम कर रहे हैं। किसान को सीधे फायदा दिलाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा किसान बिल संसद में पारित कराया गया तो विरोधी दल उसका दुष्प्रचार करने में जुट गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान बिल से किसानों की आय दोगुनी होगी।किसान अपना माल कहीं भी दे सकेगा। अब कांग्रेस और अन्य विरोधी दलों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है तो वह जनता को भड़काने में लगी है। मुख्यमंत्री ने बांगरमऊ के दुल्लापुर वा स्थित एक राइस मिल के मैदान में जिले की जनता को 93 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। 146 परियोजनाओं का लोकार्पण और 44 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गुलाब सिंह लोधी के नाम पर सामुदायिक चिकित्सालय और परिसर में उनकी प्रतिमा, सातन पासी के नाम पर बांगरमऊ संडीला मार्ग और संविधान सभा निर्माण समिति के सदस्य विसंबर दयालु त्रिपाठी के नाम पर रसूलपुर रूली में बनने वाले राजकीय महाविद्यालय खोला जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी की लड़ाई में इन वीरोंके योगदान को कभी भी नहीं बुलाया जा सकता।

### यूपी में दुर्गा पूजा के सार्वजनिक आयोजन पर लगी रोक

# पंडाल नहीं सिर्फ घर में स्थापित होंगी दुर्गा प्रतिमाएं

**लखनऊ।** इस बार नवरात्रि पर दुर्गा पूजा के पंडाल नहीं सजेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना के खतरे को देखते हुए आदेश दिया है कि नवरात्रि पर कोई भी सार्वजनिक आयोजन सड़कों या पंडालों में नहीं होगा। लोग अपने घरों में दुर्गा प्रतिमा की स्थापना कर सकते हैं।

**नहीं टूटेंगी परम्पराएं, रामलीला का होगा मंचन**–इससे पहले कल गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि दशहरा पर रामलीलाओं के मंचन की पम्परा नहीं टूटेगी। रामलीला का मंचन किया जा सकेगा लेकिन शर्त रहेगी कि वहां 100 से ज्यादा दर्शक नहीं होंगे। कोविड 19 के संक्रमण के मद्देनजर सोशल डिस्टेसिंग का अनुपालन सख्ती से किया जाएगा। सैनेटाइजेशन, मास्क और हाथ धोने के निर्देशों का सख्ती से अनुपालन होगा। यह जानकारी गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष पुष्पदंत जैन ने दी थी। जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़क पर कोई भी आयोजन नहीं होगा। कोई जुलूस नहीं निकाला जाएगा। कोई मेला नहीं लगेगा। जैन ने बताया



कि सीएम ने कहा कि शादी व्याह के आयोजन में बैंड बाजा, रोड लाइट की अनुमति रहेगी। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि सोशल डिस्टेसिंग का अनुपालन करते हुए 100 से ज्यादा लोग शामिल न हो। उचित सुरक्षा का ध्यान रखते हुए रोड लाइट और बैंड बाजार का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**तीन शहरों के लिए विशेष रणनीति बनाने के आदेश**–मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ, कानपुर नगर व मेरठ में कोविड-19 के सम्बन्ध में विशेष रणनीति बनाकर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कोरोना का कोई टीका नहीं आ जाता तब तक सतर्कता व बचाव ही एक मात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए कोविड-19 के संबंध में पूरी सतर्कता व बचाव के उपायों के साथ काम का संचालन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर महत्वपूर्ण चौराहों व स्थानों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से कोविड-19 के सम्बन्ध में जागरूकता उत्पन्न करने का कार्य प्रभावी रूप से किया जाए। निगरानी समितियों को सक्रिय रखा जाए।योगी आदित्यनाथ ने कहा, कोविड हेल्प डेस्क सभी अस्पतालों, औद्योगिक इकाइयों, सरकारी कार्यालयों में निरन्तर कार्यशील रहें। उन्होंने कहा,अनलॉक व्यवस्था के तहत औद्योगिक विकास और गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है। इन्वेस्टर्स समिट के दौरान और उसके बाद प्रदेश में निवेश के इच्छुक उद्यमियों और निवेशकों से निरन्तर संवाद रखा जाए।

### छह महीने और है कोरोना की लड़ाई

यूपी के उन्नाव जिले के बांगरमऊ की एक राइस मिल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है अभी 6 महीने हुए हैं कम से कम 6 महीने और लड़ाई लड़नी है। उन्होंने कोरोना योद्धाओं पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों को बहुत बधाई दी। बोले 1 सप्ताह में 15000 कोरोना मरीजों की संख्या कम हुई है। लेकिन अभी सतर्क होने की जरूरत है। 2 गज की दूरी मास्क जरूरी वाले प्रधानमंत्री के स्लोगन का हर किसी को पालन करना होगा। उत्तर प्रदेश में कोरोना की रफ्तार कम हुई है।


ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।
संपर्क करें
कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560
Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया पहुँचे आशा कार्यकर्ता कार्यालय

## आशा कार्यकर्ताओं को शमस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

**लहार( अर्पित गुप्ता)**

आशा,ऊषा और सहयोगी कार्यकर्ता संघ के द्वारा कई बार अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया लेकिन आज दिनांक तक उन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई और कोरोना काल मे जान जोखिम में डालकर अथक परिश्रम के बाद भी आशा और सहयोगिनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी से नाराज कार्यकर्ताओ ने सीएम सभा में ज्ञापन न दे पाने की स्थिति में ज्ञापन लहराकर अपनी नाराजगी भी दिखाई और इसी दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा 20 आशा कार्यकर्ता एवम 2 आशा सहयोगी को नौकरी से निकाले जाने की लिखित में धमकी देकर उनकी जायज माँगों और आवाज को दबाने की कोशिश की गई है।जिसके चलते मेहगांव में आशा उषा और आशा सहयोगिनी संघ कार्यकर्ताओं के संगठन मेहगॉव के कार्यालय पर पहुंचे राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया मेहगांव विधानसभा क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा सहयोगी कार्यकर्ताओं से उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा की। आशा कार्यकर्ताओ ने बताया मेहगांव ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर और बीसीएम द्वारा हमे एक नोटिस दिया गया है उस नोटिस में 20 आशाएं एवं दो आशा सहयोगी नौकरी से निकाले जाने की धमकी दी थी कार्यकर्ता कार्यस्थल से



अनुपस्थित बताई गई है जो कि सरासर झूठ और फर्जी है हम सब कोरोना काल मे भी बगैर किसी सुरक्षा संसाधन के मात्र 30 रुपये में पूर्ण निष्ठा से कार्य करते रहे हैं।नोटिस ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के द्वारा उस तारीख में दिया गया जब पूरे स्वास्थ्य अमला की ड्यूटी मेहगांव मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सभा स्थल को सैनिटाइज करने में लगी हुई थी और आशा कार्यकर्ताओं ने बताया हमारे पेमेंट तक समय पर नहीं होते बार-बार ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ते हैं आवश्यकता पड़ने पर बीसीएम से बात करने के लिए रुपये 150 का शुल्क चुकाना पड़ता है।28 तारीख से कृमिनाशक अभियान शुरू हो रहा है तो हमें प्रत्येक दिन घर घर जाकर एलबिंडाजोल गोली 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के बालक बालिकाओं को अपने हाथ से खिलानी है इस अभियान के लिए हमें दवाई तो दी गयी है लेकिन कोरोना के खतरे को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से न ग्लब्स दिए गए हैं ना ही सेनेटाइजर।यदि सेनेटाइजर और ग्लब्स नही दिए जाएंगे तो समुदाय और कार्यकर्ता दोनों ही संक्रमण के चपेट में आने का खतरा बन गया है।ऐसी तमाम समस्याओं को लेकर ओपीएस भदौरिया को आशा कार्यकर्ताओं ने लिखित में ज्ञापन दिया।तो वहीं राज्य मंत्री के द्वारा जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया है और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का भी आश्वासन दिया है।

### इनका कहना

मुझे आशाओं के द्वारा जो समस्याएं बताई गई हैं वह स्थानीय समस्याएं हैं उन समस्याओं को मैं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर और कलेक्टर से बात करके जल्द से जल्द खत्म कर दूंगा।

**ओपीएस भदौरिया**
**राज्यमंत्री**

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये एक बार फिर शहर की पहचान बनेगा टाउन हॉल

**ग्वालियर।** ग्वालियर स्मार्ट सिटी के तहत शहर के ह्द्धय स्थल महाराज बाडा और उसके आसपास के क्षेत्र में कई विकास कार्य किये जा रहे है, इन्ही में से एक ऐतिहासिक ईमारत टाउन हॉल है। यह ईमारत अतीत में सांस्कृतिक कार्यक्रमो के लिये शहर की पहचान के रुप में जानी जाती थी। ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा लगभग 70 लाख रुपये की लागत से इसको संवारने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही शहरवासियो को इस ईमारत की वही रौनक देखने को मिल सकेगी। टाउन हॉल में किये जा रहे कार्य अंतिम चरण में है, और जल्द ही यह विरासत शहरवासियों के लिये आकर्षण का केन्द्र बिंदू बन सकेगी। ग्वालियर स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह नें जानकारी देते हुये बताया कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन स्मार्ट सिटी के तहत शहर के महाराज बाडा स्थित टाउन हॉल का कार्य अंतिम चरण में है, और इस इमारत के संवरने के बाद टाउन हॉल सांस्कृतिक कार्यक्रमो के लिये फिर से अपनी पहचान स्थापित कर सकेगा।

## भाजपा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया



**पाली।** नेनाराम सिरवी. पाली जिले में भाजपा आईटी संयोजक मंडल स्तर पर विस्तार किया गया. भाजपा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया प्रदेश संयोजक आईटी विभाग अविनाश जोशी पाली भाजपा जिला अध्यक्ष मनसा राम परमार की अनुशंसा पर पाली जिले के खोड मंडल आईटी संयोजक प्रभु सिंह राव को नियुक्ति पत्र देकर भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में नियुक्ति की गई. खोड मंडल अध्यक्ष हुक्म सिंह.खरोखडा. द्वारा बताया गया कि रानी पंचायत समिति ग्राम पंचायत.चाचोडी. निवासी प्रभु सिंह राव को मंडल आईटी संयोजक पद पर नियुक्त किए गए. पाली जिला संयोजक आईटी सेल मुकेश नाबरियाद्वारा मंडल स्तर पर आईटी संयोजक की नियुक्ति की गई जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पाली भाजपा जिला अध्यक्ष खोडमंडलअध्यक्ष की अनुशंसा के अनुसार आईटी संयोजक के रूप में नियुक्ति की गई . आईटी संयोजक की नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद मंडल आईटी संयोजक प्रभु सिंह द्वारा बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया भाजपा जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार आईटी प्रदेश अध्यक्ष आईटी संयोजक अविनाश जोशी पाली जिला आईटी सेल संयोजक द्वारा दी गई नियुक्ति पत्र के अनुसार पार्टी के हित में कार्य किया जाएगा और निस्वार्थ भावना से पार्टी की सेवा के लिए हर समय कार्य किया जाएगा.



## चाइल्डलाइन द्वारा बीमार बच्चों का करवाया उपचार, दी स्वास्थ्य व सुरक्षा के बारे मे जानकारी

**श्योपुर, शाहनवाज खान।** महात्मा गांधी सेवा आश्रम द्वारा संचालित चाइल्डलाइन टीम द्वारा गांव - कलारना एवं वर्धा सहराना की बस्तियो मे पहुचकर वहां उपस्थित बच्चो व लोगो को उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के बारे जागरूक किया गया। इसके साथ ही वहा उपस्थित बच्चो व लोगो को कोरोना संक्रमण से बचाव के तरीको के बारे मे भी समझाया गया तथा बच्चो को मुसीबत के समय काम आने वाले हेल्पलाइन नम्बरो जैसे चाइल्डलाइन, पुलिस, एम्बुलेंस आदि के बारे मे जानकारी दी एवम् इनका उपयोग करना सिखाया गया। इसके साथ ही बस्ती के लोगो से बच्चो की समस्याओ के बारे मे जानकारी ली। इस दौरान टीम को 4 बीमार बच्चो के बारे मे जानकारी मिली टीम द्वारा माता-पिता को समझाकर उनका उपचार करवाया गया। इस दौरान चाइल्डलाइन समन्वयक विप्लव शर्मा, टीम सदस्य मनोज सोनी, गौरव आचार्य, सत्येन्द्र सिंह, कुलदीप शर्मा, राजेश मीणा, अनामिका पाराशर, सुमनलता श्रीवास्तव व प्रेमचन्द्र का सहयोग रहा।

## अनुसूचित-जनजाति वर्ग के छात्रावासों की शिष्यवृत्ति दर बढ़ी

**मुरैना।** आदिम-जाति कल्याण विभाग ने अनुसूचित-जनजाति के छात्रावास और आश्रमों में रहने वाले विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति की दर में वृद्धि की है। वर्ष 2020-21 में बालकों की शिष्यवृत्ति 1300 रुपये और बालिकाओं के लिये 1340 रुपये प्रतिमाह की स्वीकृति विभाग द्वारा दी गई है। प्रदेश में अनुसूचित-जनजाति के छात्रावास और आश्रम में रहने वाले विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति की दर प्रत्येक वर्ष मार्च में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस वर्ष बढ़ी हुई शिष्यवृत्ति की दर एक जुलाई, 2020 से प्रभावशील होगी।



## योग शिविर में बनाईः शहीद भगत सिंह की जयंती

**संवाददाता - शाहनवाज खान**

**श्योपुर।** योग शिविर में मनाई शहीद भगत सिंह की जन्म जयंती पिछले 4 महीने से निरंतर चल रहे योग शिविर में शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई जिस में मुख्य रूप से उपस्थित रहे सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य सुभाष त्यागी जी जिन्होंने भगत सिंह की जीवनी के बारे में सभी योग साधकों को बताया और विकलांग महासंघ के जिला सलाहकार देवेंद्र शर्मा ने भी भगत सिंह जी के बारे में सभी योग साधकों को बताया। जिसमें मुख्य रूप से योग शिक्षक मुकेश पाराशर विवेक गोयल अमित शर्मा राम सिंह गौर अर्पित गुप्ता और सभी योग निस्ट साधक उपस्थित रहे।

## टीसीएस न लगाया जाए : एमपीसीसीआई

### प्रधानमंत्री-श्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय वित्तमंत्री-श्रीमती निर्मला सीतारमन, केन्द्रीय मंत्री-माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं केन्द्रीय वित्त सचिव को चेम्बर ने लिखा पत्र

**ग्वालियर।** केन्द्र सरकार द्वारा 01 अक्टूबर,20 से .75प्रतिशत की दर से टीसीएस लगाए जाने का निर्णय लिया गया है, जो कि आगामी 01 अप्रैल,2021 से 1त्न हो जाएगा । यह नवीन कर देशभर में ऐसे सभी व्यवसाईयों एवं उद्यमियों पर प्रभावी होगा, जिनका वार्षिक टर्नओवर 10 करोड़ से अधिक है । एमपीसीसीआई ने आज माननीय प्रधानमंत्री-श्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय वित्तमंत्री-श्रीमती निर्मला सीतारमन, केन्द्रीय मंत्री-माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं केन्द्रीय वित्त सचिव को पत्र लिखकर, उपरोक्त कर को नहीं लगाए जाने की माँग की है । एमपीसीसीआई, अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि इस प्रावधान के लागू हो जाने पर यदि कोई फर्म एक वर्ष में रुपये 50 लाख मूल्य का माल/सामान किसी को विक्रय कर रही है, तो उस फर्म को रु. 37,500/- की राशि टीसीएस के रूप में सरकार को जमा करानी होगी । पदाधिकारियों ने कहा कि यह नवीन टैक्स अव्यवहारिक है क्योंकि देश में कई वस्तुओं का व्यापार जैसे कि लोहा, सीमेंट, तेल, पेट्रोलियम उत्पाद एवं निर्माण कार्य इत्यादि का कारोबार फर्मों द्वारा वर्षभर में अरबों रुपया का किया जाता है और यदि उन पर केन्द्र सरकार द्वारा 01 अक्टूबर,2020 से .75त्न तथा 01 अप्रैल,21 से 01त्न की दर से टीसीएस वसूल किया गया, तो यह राशि करोड़ों में होगी और इस राशि का रिफण्ड भी लगभग दो वर्ष में संभव होगा, ऐसी स्थिति में व्यवसाईयों द्वारा अपना कारोबार करना ही मुश्किल हो जाएगा क्योंकि उनकी अधिकांश पूंजी टीसीएस के रूप में सरकार के पास सदैव जमा बनी रहेगी । इन दो वर्षों में जमा पूंजी का ब्याज भी सरकार से मिलने वाला नहीं है । यानि कि व्यवसाईयों को मूल पूंजी के साथ-साथ दो वर्ष के ब्याज की राशि का घाटा भी उठाना पड़ेगा । एमपीसीसीआई द्वारा प्रेषित पत्रों में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में कोरोना महामारी एवं लॉकडाउन के कारण देशभर का कारोबार बुरी तरह से प्रभावित है और इसका असर काफी समय तक बने रहने की संभावना है । बावजूद इसके केन्द्र सरकार द्वारा इन विपरीत परिस्थितियों में टीसीएस लगाए जाने का निर्णय पूरी तरह से अव्यवहारिक एवं व्यापार पर एक और कुठाराघात है क्योंकि इससे व्यापारियों की एक बड़ी पूंजी लगभग दो वर्ष के लिए एक प्रकार से फ्रिज हो जाएगी । संस्था के पदाधिकारियों द्वारा केन्द्र सरकार से पुरजोर माँग की गई है कि अव्यवहारिक एवं कारोबार विरोधी टीसीएस जिसे कि सरकार द्वारा आगामी 01 अक्टूबर,2020 से देश में लागू करने का निर्णय लिया गया है । उक्त निर्णय को तत्काल वापिस लिया जाए, क्योंकि देश का व्यवसाई एवं उद्यमी पूर्व से ही अनेक प्रकार के करों का सामना कर रहा है । साथ ही, वर्तमान कोविड-19 का कारोबार पर बुरी तरह से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । इसलिए वर्तमान विपरीत परिस्थितियों में केन्द्र सरकार द्वारा एक और नवीन कर ( टीसीएस ) का लगाया जाना, समझ से परे एवं औचित्यहीन है ।




## बरोही थाना पुलिस की कार्यबाही

**दिलीप राजावत**

**भिण्ड /** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय व हेड क्वार्टर डीएसपी महोदय भिंड के निर्देशन में चलाया जा रहा धरपकड़ अभियान मे थाना बरोही के थाना प्रभारी जीतेन्द्र तोमर मुखबिर की सूचना मिली कि ग्राम गोना मर जहरीला मादक बनाने का कार्य चल रहा है तभी बिना देरी किये थाना प्रभारी जितेंद्र तोमर ने अपने थाने से आरक्षक तेजपाल तोमर , अभिमन्यु तोमर , राकेश वर्मा , चालक गिर्राज शर्मा, सैनिक अरविन्द के सहयोग से सुजबुझ से घेराबंदी कर ग्राम गोना से जहरीली शराब बनाने वाला मादक पदार्थ ओपी एवं पैकिंग करने वाला सामान जप्त कर अपराध दर्ज कर आरोपी संजू भदौरिया निवासी गोना से जप्त किया है आरोपी को धारा 49 आबकारी एक्ट मे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

## रोको टोको अभियान को पुन : प्रारंभ करें : कलेक्टर श्री वर्मा





**मुरैन।** जिले में कोविड मरीजों का ग्राफबढ़ना नहीं चाहिये। इसके लिये प्रदेश सरकार के निर्देशन में प्रत्येक जिले में रोको टोको अभियान चलाया गया था। इस अभियान की गतिविधियां मुरैना में मुझे दिखने को नहीं मिलीं है। जो भी अधिकारी रोको टोको अभियान में लगे है, वे पुनः इस अभियान को गति दें। हर व्यक्ति के चेहरे पर मास्क लगा होना चाहिये। कोई व्यक्ति मास्क नहीं लगाता है तो उसे मात्र मास्क की कीमत दण्ड के रूप में वसूल कर उसे मास्क उपलब्ध कराया जाये। यह निर्देश कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तरूण भटनागर, अपर कलेक्टर श्री उमेश प्रकाश शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर श्री एलके पाण्डे, आयुक्त नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता, एसडीएम, समस्त जिलाधिकारी, नगरीय निकायों के सीएमओ, जनपद सीईओ उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में कोविड के मरीज बढ़ सकते है। इसलिये रोको टोको अभियान जिले में अधिकारी चालू रखें। कोरोना अभी गया नहीं है, अधिकारी कोविड को प्रथम प्रायटी पर लें। उन्होंने कहा कि विधानसभा उप निर्वाचन में सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुये अधिकारी चुनाव कार्य को प्राथमिकता देते हुये रोको टोको अभियान को भी प्राथमिकता दें।

## खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों का पंजीयन कराना जरूरी

**मुरैन।** वाहन मालिकों द्वारा अधिकांश टेक्टर-ट्रॉली, डंफर और ट्रक से खनिजों का परिवहन होता है। इन वाहनों का ई-खनिज पोर्टल पर पंजीयन नहीं होने से ई-टीपी जनरेट नहीं होती है। ई-टीपी जनरेट नहीं होने से शासन को प्राप्त होने वाले राजस्व का भी नुकसान हो रहा हैं। खनिजों का परिवहन किए जाने वाले वाहनों में ई-टीपी नहीं होने से वाहनों के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अवैध उत्खननध्परिवहन के प्रकरण दर्ज किए जाकर अत्याधिक जुर्माने के रूप में राशि वसूल की जाती है। खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिज साधन विभाग द्वारा विभागीय वेबसाईट ीजजचेरूध्मींदपरणउचण्हवअण्पद पर खनिजों के परिवहन किए जाने वाले वाहनों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है।

### चंबल वाटर प्रोजेक्ट का भूमिपूजन आज मुख्यमंत्री ऑनलाइन भोपाल से करेंगे

**मुरैन।** चंबल नदी से मुरैना शहर के लिये पानी लाने के प्रोजेक्ट का प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 29 सितम्बर को प्रातः 10 बजे भोपाल से ऑनलाइन के माध्यम से भूमिपूजन करेंगे। उनके साथ नगरीय प्रशासन मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

## आचार संहिता लगते ही शहर क्लीन दिखना चाहिये : कलेक्टर

**मुरैन।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा ने सबलगढ़ विधानसभा को छोड़कर नगर निगम सहित जिले की समस्त नगरीय निकायों में आचार संहिता की घोषणा होने के पश्चात् ही लगे हुये पोस्टर बैनर को हटायें और शिला पट्टिकाओं, शैडो पर लगे विज्ञापन शीघ्र हटाये जायें। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव कार्य में लगे हुये अधिकारी इलेक्शन मोड में आये। आचार संहिता लगने के बाद सभी कार्य बंद किये जायेंगे। सिर्फचुनाव कार्य को प्राथमिकता दी जावेगी। बैठक में कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन में राजस्व, पंचायती राज, खाद्य, ऊर्जा, शिक्षा, संस्थागत वित्त, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, मनरेगा, सामाजिक न्याय, स्वच्छता, पीएचई जैसे विभागों की समीक्षा की। जिसमें इन विभागों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों को कम नहीं किया।




कृषि राज्य मंत्री श्रीगिर्राज दण्डोतिया आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।




दैनिक पुष्पांजली टुडे





## मप्र का एक गांव जहां अधिक मास आने पर पहले ही मना लेते हैं दशहरा और दिवाली

**भोपाल।** मध्य-प्रदेश के खरगोन में एक ऐसा गांव जहां अधिकमास के बावजूद एक माह पहले ही नवरात्रि उत्सव मनाया गया और रावण दहन भी किया गया। ग्रामीणों ने आतिशबाजी भी की और 9 दिन का उपवास भी रखा। ग्रामीणों ने देशभर में 17 अक्टूबर को मनाए जाने वाली नवरात्रि और 26 अक्टूबर को मनाया जाने वाला दशहरा एक माह पहले ही मना लिया।

जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर दूर गोवाड़ी गांव में आज भी गांव पटेल और बड़वे-भोपे के द्वारा तय किए गए नियम का पालन किया जाता है। 17 सितंबर से अधिक मास लगने के कारण देशभर में नवरात्र 17 अक्टूबर से शुरू होगा और 26 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा, लेकिन गोवाडी देश का पहला अकेला ऐसा गांव है जहां नवरात्रि भी मनाई गई, उपवास भी रखे गए और रावण दहन भी कर दिया गया। गांव में बच्चे से लेकर 100 साल के बुजुर्ग तक सभी ने आम सहमति से नवरात्रि उत्सव और दशहरा मिलन कार्यक्रम भी मनाया। ग्रामीणों ने चौराहे पर रावण का पुतला बनाकर रावण दहन भी किया। जनपद पंचायत सदस्य सुभाष यादव का कहना है हमने उसी तरह से नवरात्रि और दशहरा मनाया। गांव के बाला बाबा ने बताया कि अक्टूबर माह में ही नवरात्रि और दशहरा मनाना है, इसलिए पूरे गांव ने मिलकर मनाया। हिंदू धर्म में 16 श्राद्ध के बाद नवरात्रि और दशहरा मनाया जाता है, वैसे ही मनाया गया। हम जिनको मानते हैं वे कह देंगे तो दीपावली भी पहले मनाई जाएगी। वहीं, गांव के बड़वा कड़वा बाबा का कहना है भामा बाबा जैसा आदेश करते हैं, हम लोग वैसा ही करते हैं। नवरात्रि भी मनाई गई और दशहरा भी मनाया गया। लोगों ने उपवास भी रखा। गांव के युवाओं द्वारा रावण दहन भी किया गया। 12 साल पहले भी अधिक मास आने पर इसी तरह नवरात्रि और दशहरा मनाया था। गांव के एक किसान का कहना है कि पावागढ़ से जोत लेकर आए और माता की स्थापना की। उपवास रखे, दशहरा मनाया और रावण दहन भी किया। बुजुर्ग बताते हैं 12 साल पहले भी हमने ऐसे ही नवरात्रि और दशहरा मनाया था। हमारे यहां कड़वा बाबा बड़वा के शरीर में सांभर बाबा आते हैं। वे जैसा कहते हैं, हम वैसा करते हैं। इसमें सभी गांव वाले शामिल होते हैं।

# दूसरी महिला के साथ पकड़े गए डीजी ने पत्नी को बेरहमी से पीटा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। पुलिस के एक डीजी रैंक के अधिकारी पुरुषोत्तम शर्मा ने किसी और महिला के साथ पकड़े जाने के बाद सीनाजोरी करते हुए पत्नी की बेरहमी से पिटाई की। उन्होंने सरकारी घर में अन्य कर्माचारियों के सामने पत्नी से मारपीट की। यह घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। अधिकारी के बेटे ने राज्य के गृहमंत्री, डीजीपी और मुख्य सचिव को वीडियो भेजकर पिता की शिकायत की है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि पुरुषोत्तम शर्मा किसी और महिला के संपर्क में थे। यह खबर उनकी पत्नी को हो चुकी थी। एक दिन पत्नी ने उन्हें उस महिला के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। उन्होंने पति की इस करतूत का विरोध किया, लेकिन उसी दिन घर पहुंचे पुरुषोत्तम शर्मा ने पत्नी को बेरहमी से पीटा। मारपीट का यह वीडियो घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। पुरुषोत्तम शर्मा के बेटे पार्थ शर्मा भी आईआरएस ऑफिसर हैं। उन्हें घर में हुई इस घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने वीडियो फुटेज के साथ अधिकारियों के पास पिता की शिकायत की है।



**महिला आयोग ने सीएम से की जेल में डालने की सिफारिश**-इस बीच यह मामला राज्य महिला आयोग तक पहुंच गया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष शोभा ओझा ने कहा है कि इसके लिए डीजी को नोटिस जारी किया जाएगा। उधर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने कहा है कि इस अधिकारी को मध्य प्रदेश पुलिस सर्विस से बाहर कर दिया जाए और सलाखों के पीछे डाल देना चाहिए। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को लिख रही हूं।

**गृहमंत्री को लिखित शिकायत का इंतजार**-उधर राज्य के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि उन्हें मीडिया से इस मामले की जानकारी मिली है। उन्होंन कहा कि लिखित शिकायत आने पर जरूर कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी की पिटाई करने वाले एडीजी पुरुषोत्तम शर्मा की सरकार ने कर दी छुट्टी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के अतिरिक्त महानिदेशक (छ्त्र) पुरुषोत्तम शर्मा को अपनी पत्नी की पिटाई का एक वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें नौकरी से फिलहाल छुट्टी दे दी गई है। वायरल वीडियो के बार में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा, अगर मेरा स्वभाव अपमानजनक है तो उसे पहले शिकायत करनी चाहिए थी। यह पारिवारिक विवाद है, अपराध नहीं। मैं न तो हिंसक व्यक्ति हूं और न ही अपराधी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे इससे गुजरना पड़ा। मेरी पत्नी ने मेरा पीछा करती है और घर में कैमरे लगा दिए। उन्होंने आगे कहा, हमारी शादी को 32 साल हो चुके हैं, 2008 में उसने मेरे खिलाफ शिकायत की थी। लेकिन बात यह है कि 2008 से वह मेरे घर में रह रही है, सभी सुविधाओं का आनंद ले रही है और मेरे खर्च पर विदेश यात्रा कर रही है। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश पुलिस के एक छ्त्र रैंक के अधिकारी पुरुषोत्तम शर्मा ने किसी और महिला के साथ पकड़े जाने के बाद सीनाजोरी करते हुए पत्नी की बेरहमी से पिटाई की। उन्होंने सरकारी घर में अन्य कर्माचारियों के सामने पत्नी से मारपीट की। यह घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। अधिकारी के बेटे ने राज्य के गृहमंत्री, डीजीपी और मुख्य सचिव को वीडियो भेजकर पिता की शिकायत की है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि पुरुषोत्तम शर्मा किसी और महिला के संपर्क में थे। यह खबर उनकी पत्नी को हो चुकी थी। एक दिन पत्नी ने उन्हें उस महिला के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। उन्होंने पति की इस करतूत का विरोध किया, लेकिन उसी दिन घर पहुंचे पुरुषोत्तम शर्मा ने पत्नी को बेरहमी से पीटा। मारपीट का यह वीडियो घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। पुरुषोत्तम शर्मा के बेटे पार्थ शर्मा भी आईआरएस ऑफिसर हैं। उन्हें घर में हुई इस घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने वीडियो फुटेज के साथ अधिकारियों के पास पिता की शिकायत की है।



## एक नजर...

### प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ लेने 10 अक्टूबर तक कर सकते हैं आवेदन

**रायसेन।** भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग द्वारा फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना प्रारंभ की गई है। जिसके तहत उत्पादकता में वृद्धि के लिए मछुआरों, मछली किसानों, युवा, महिला उद्यमियों के लाभ के लिए अनेक गतिविधियां संचालित की जाती है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग डॉ राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि इन गतिविधियों में हैचरी, पुनः संचारी जल कृषि प्रणाली, बायोफ्लॉक, एक्वाफोनिक्स, जलाशय पिंजरा कृषि, सजावटी मत्स्यिकी, शीत श्रृंखला, मार्केटिंग एवं ब्रांडिग शहरी बाजार श्रृंखला, मूल्य संवर्धन, स्टार्टअप, इन्क्यूवेटर्स, नवोन्मेस ट्रेसिबिलिटी तथा प्रमाणन आदि शामिल हैं। इस योजना में क्लस्टर विकास पैमाने की अर्थव्यवस्थाएं, मत्स्यिकी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हितधारकों की उच्च आय सृजन आदि की सुविधा होगी। पीएमएमएसवाई में उद्यमशीलता के विकास और निजी क्षेत्र की सहभागिता को बढ़ाने के लिए एक अनुकूल वातावरण का सृजन होगा। योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग रायसेन से सम्पर्क कर सकते हैं तथा भारत सरकार राष्ट्रीय मत्स्यिकी विकास बोर्ड की बेवसाईट में भी देखी जा सकती है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक आवेदक कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग रायसेन से सम्पर्क कर 10 अक्टूबर 2020 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### जिले में अब तक 1423.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

#### बीते 24 घंटे में 10.4 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन।** जिले में 01 जून से 28 सितम्बर 2020 तक 1423.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 342.1 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2020 से 28 सितम्बर 2020 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 1135.4 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1238.6, बेगमगंज में 1404, सिलवानी में 1218, गौहरगंज में 1613, बरेली में 1329, उदयपुरा में 1805.7, बाड़ी में 1494 और वर्षामापी केन्द्र सुल्तानपुर में 1574.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

**बीते 24 घंटे में 10.4 मिलीमीटर औसत वर्षा**-जिले में बीते 24 घंटे में 28 सितम्बर 2020 को प्रातः 08 बजे तक 10.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 0, गैरतगंज में 0, बेगमगंज में 03, सिलवानी में 05, गौहरगंज में 16, बरेली में 18, उदयपुरा में 10, बाड़ी में 0 तथा वर्षामापी केन्द्र सुल्तानपुर में 41.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### पत्रकार बीमा योजना में आवेदन करने की तिथि बढ़ी

**अब 30 सितम्बर तक जमा हो सकेंगे आवेदन**

**रायसेन।** राज्य शासन जनसम्पर्क विभाग द्वारा पत्रकारों के लिए क्रियान्वित पत्रकार स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 सितम्बर, 2020 किया गया है। पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर थी। मध्यप्रदेश के पत्रकार, फोटोग्राफर एवं कैमरामेन के स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना के आवेदन अब 30 सितम्बर, 2020 तक संबंधित बीमा कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा किये जा सकेंगे। प्रीमियम की दरें वर्ष 2018.19 की ही लागू होंगी। वर्ष 2018.19 की प्रीमियम दरों की टेबल जनसम्पर्क की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्राप्त शिकायतों के निराकरण संबंधी ड्यूटी

**रायसेन।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर भार्गव द्वारा संशोधित आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र-142 सॉची के उप निर्वाचन 2020 को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सरल क्रमांक-7 पर निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए दल गठित किया गया है। जारी संशोधित आदेश के अनुपालन में शिकायत निवारण, पीजीआर ऑनलाईन तथा ऑफलाईन प्राप्त होने वाली समस्त प्रकार की शिकायतों का निराकरण कराये जाने के लिए श्री नीरज सूरमा सहायक ग्रेड-3 कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी रायसेन को आदेश जारी होने के दिनांक से निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक ड्यूटी लगाई गई है।

### टेस्टिंग टारगेट पूरा करने के लिये फीवर क्लीनिक की संख्या का निर्धारण जिला स्तर पर

## नगरीय क्षेत्र में प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलेंगे फीवर क्लीनिक

**रायसेन।** प्रदेश में कोरोना टेस्टिंग की गति को बढ़ाने और टारगेट पूरा करने के लिये आवश्यकतानुसार फीवर क्लीनिक की संख्या का निर्धारण जिला स्तर पर किया जायेगा। शहरी क्षेत्र में फीवर क्लीनिक प्रात~ 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक और ग्रामीण क्षेत्रों में फीवर क्लीनिक प्रात~ 9 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित किये जायेंगे। सभी फीवर क्लीनिक सप्ताह में सातों दिन चलेंगे।

आयुक्त स्वास्थ्य सेवा ने समस्त जिला कलेक्टर्स, मुख्य चकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षकों को उक्त निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया कि प्रत्येक फीवर क्लीनिक की जानकारी

**ग्रामीण क्षेत्रों के लिये समय प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक**

सार्थक पोर्टल पर अपग्रेड की जाये। साथ ही जिले में स्थापित डिस्ट्रिक कोविड कमाण्ड सेन्टर पर भी जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। सेम्पिलिंग के टारगेट को पूरा करने तथा स्थानीय आवश्यकतानुसार सेम्पलिंग की जरूरत पड़ने पर जिले में मोबाइल सेम्पल कलेक्शन/टेस्टिंग यूनिट भी स्थापित करें। प्रत्येक मोबाइल यूनिट किसी एक फीवर क्लीनिक से संबद्ध हो। ऐसे मोबाइल यूनिट ग्रामीण क्षेत्रों के हाट-बाजारों में तथा शहरी क्षेत्रों की जिन कालोनी में कोविड का प्रभाव अधिक हो, वहाँ कैम्प लगाकर सेम्पलिंग का कार्य किया जाये। मोबाइल यूनिट्स में यथासंभव त।ज् को प्राथमिकता दिये जाने और आवश्यकता होने पर त्ज्ब्त् के सेम्पल लिये जाने के निर्देश दिये गये हैं। प्रतिदिन किये जाने वाले त।ज् टेस्ट की संख्या तथा पॉजिटिव प्रकरणों की जानकारी एकत्र कर जिला मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष को दिये जाने के निर्देश दिये गये। फीवर क्लीनिक पर सेम्पलिंग की व्यवस्था डिमांड ड्रायविन करने के निर्देश दिये गये, जिसमें इच्छुक व्यक्ति द्वारा चाहे जाने पर उसको टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। फीवर क्लीनिक पर मलेरिया, डेंगू की जाँच किट भी रखने के निर्देश दिये गये हैं। जिसका उपयोग आवश्यकतानुसार किया जा सके।

## शासकीय, सार्वजनिक एवं निजी संपत्तियों पर किये गये विरूपण को हटाने के संबंध में निर्देश

**रायसेन।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर भार्गव ने टीएल बैठक में उप निर्वाचन विधानसभा क्रमांक-142 सांची क्षेत्र में संपत्ति विरूपण की कार्यवाही के संबंध में निर्देश दिये है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा उप निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा शीघ्र किया जाना संभावित है। साथ ही रायसेन जिले की विधानसभा क्षेत्र 142-सांची (जिसमें सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र रायसेन तथा गैरतगंज शामिल है) में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शासकीय, सार्वजनिक एवं निजी संपत्तियों पर किये गये विरूपण को हटाने के निर्देश दिये गये है। शासकीय संपत्ति से विरूपण हटाने की कार्यवाही में शासकीय कार्यालय एवं उनके परिसरों में दीवाल लेखन, पोस्टर, पेपर या अन्य किसी प्रकार से किये गये विरूपण, कटआउट, होडिंग्स, बैनर, झण्डा इत्यादि को निर्वाचन घोषणा के 24 घंटे के अंदर हटाना अनिवार्य है। सार्वजनिक संपत्ति पर विरूपण हटाना एवं सार्वजनिक स्थलों का दुरूपयोग रोकना इस उद्देश्य से रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, रेल्वे ब्रिज, रोड वेज, शासकीय बसो, बिजली एवं टेलीफोन पोल, नगर पालिका एवं नगर परिषद एवं स्थानीय निकायों के भवनों इत्यादि जैसे सार्वजनिक संपत्ति एवं सार्वजनिक स्थलों पर दीवाल लेखन, पोस्टर, पेपर या अन्य किसी प्रकार से किये गये विरूपण, कटआउट, होडिंग्स, बैनर, झण्डा इत्यादि को निर्वाचन घोषणा के 48 घंटे के अंदर हटाया जाना अनिवार्य है। निजी संपत्ति पर किये गये विरूपण को हटाने की कार्यवाही में निजी संपत्तियों पर किये गये समस्त अनाधिकृत राजनैतिक विज्ञापनों को स्थानीय कानूनों एवं न्यायालयों के निर्देशों, यदि कोई हो, अध्ययीन रहते हुये निर्वाचनों की घोषणा से 72 घंटे के अंदर हटाना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री भार्गव ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कर पालन प्रतिवेदन नियमित प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

### फलदार पौधों को प्रदेश में ही नहीं देश में सप्लाई करती है पचमढ़ी की नर्सरियाँ

**भोपाल।** पचमढ़ी की नर्सरियों ने आम, संतरा, नींबू, नाशपाती, संतरा, चीकू आदि फलदार पौधों को मदर प्लांट से विकसित कर प्रदेश में ही नहीं देश में सप्लाई करने में विशेष पहचान बनाई है। उद्यानिकी विभाग के अन्तर्गत होशंगाबाद जिले के पचमढ़ी क्षेत्र में पोलो, पगारा और मटकुली में नर्सरियाँ है। फलदार पौधों के अनुकूल सम-शीतोष्ण जलवायु एवं पर्यावरण क्षेत्र में सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला के घने जंगलों के बीच सौ वर्षो से अधिक पुरानी नर्सरियों में आज भी नई-नई किस्म के फलदार पौधे तैयार किए जा रहे है। पचमढ़ी क्षेत्र में 5.8 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली सबसे पुरानी पगारा नर्सरी है। इसकी स्थापना 113 वर्ष पहले 1907 से हुई थी। नर्सरी की स्थापना उन्नत किस्म के फलदार पौधों के मदर प्लांट लगाकर उनका रख-रखाव करने के लिए की गई थी।

### ऑटो चालक ने पेश की मिसाल

## पैसों से भरा बैग और 2 मोबाइल फोन पैसेंजर को लौटाया



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक ऑटो चालक ने ईमानदारी की मिसाल कायम की है। उसने एक सवारी का बैग लौटाया जिसमें एक लाख 20 हजार रुपए और दो मोबाइल फोन रखे थे। सवारी ने यह बैग गलती से उसकी ऑटो में ही छोड़ दिया था। दाल बाजार से स्टेशन आए सौरभ जैन का बैग 24 सितंबर को ऑटो में छूट गया था। बैग में एक लाख 20 हजार रुपए व 2 मोबाइल फोन थे। नोटों से भरे बैग को लौटने वाले ऑटो चालक ब्रिजेंद्र सिंह व इस मामले में तत्परता से पड़ताल करने वाली सीसीटीवी कंट्रोल रूम की टीम व पड़ाव थाने के आरक्षक को एसपी अमित सांघी ने शनिवार को ऑफिस बुलाकर पुरस्कृत किया।

दाल बाजार निवासी सौरभ जैन ने 24 सितंबर को पड़ाव थाना पुलिस को सूचना दी कि वह दाल बाजार से ऑटो से स्टेशन आया था। जल्दबादी में वह बैग को ऑटो में छोड़कर प्लेटफार्म पर चला गया। स्टेशन के अंदर जाने के बाद उसे बैग की याद आई। स्टेशन से बाहर निकालकर देखा तो ऑटो गायब था। पड़ाव थाने में पदस्थ आरक्षक अमर भूषण सिंह राजावत ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज से ऑटो की पहचान करने के लिए फरियादी को कंट्रोल रूम लेकर आया। कंट्रोल रूम के प्रभारी निरीक्षक अजय श्रीवास्तव व उनकी टीम में शामिल आरक्षक रामकिशोर यादव व आशीष अटल ने दाल बाजार से लेकर स्टेशन तक लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का रोड मैप बनाकर चेक किया। दाल बाजार तिराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में ऑटो नजर आ गया। ऑटो का नंबर भी ट्रेस हो गया। ऑटो के रजिस्ट्रेशन नंबर से उसके मालिक ब्रिजेंद्र सिंह पुत्र हेम सिंह निवासी कृष्णा कालोनी गुढ़ा माधवगंज का पता चला। पुलिस के ब्रिजेंद्र सिंह से संपर्क करने पर उसने बताया कि वह स्वयं ही ऑटो चलाता है। सीएनजी भराने के लिए स्टेशन जाने पर ऑटो में रखा बैग मिला था। वह उसे लौटाने के लिए पुलिस स्टेशन ही आ रहा था। चालक ऑटो सहित बैग लेकर पड़ाव थाने पहुंच गया। उसने बैग सौरभ जैन को लौटा दिया।

## मास्क ही कोरोना से बचाव का वैक्सीन है इसका उपयोग अवश्य करें : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना से बचाव के लिए मास्क ही एक तरह की वैक्सीन है।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने किया कोरोना योद्धाओं का सम्मान**

प्रत्येक व्यक्ति अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करे। यह बचाव का बहुत बड़ा अस्त्र है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आव्हान किया कि मास्क के अलावा बार-बार साबुन से हाथ धोने या सेनेटाईज करने की आदत भी कोरोना से बचाने में काफी मददगार है। इसे हर नागरिक जरूर अपनाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना वायरस दुनिया के सामने एक नई चुनौती है। बीमारी के स्वरूप, प्रभाव और इलाज का कुछ पता नहीं। इसकी घातकता से संपूर्ण विश्व दहशत में है। ऐसे में चिकित्सा अमले ने जिस साहस, धैर्य और जीवन को जोखिम में डालकर समर्पण से कार्य किया तथा लोगों का



विश्वास टूटने नहीं दिया, वह मानवता के इतिहास में अभूतपूर्व है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश की आठ करोड़ जनता की ओर से सभी डॉक्टर्स तथा पैरामेडिकल स्टाफ का अभिनंदन कर आभार माना। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस समर्पण की तुलना दधीचि के प्रसंग से करते हुए कहा कि संकटकाल में मेडिकल अमले की भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना सरकार और समाज का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मिंटो हाल में चिकित्सा क्षेत्र के कोरोना योद्धाओं के सेवा सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

## आईटीआई में पुनः रजिस्ट्रेशन के लिए 30 तक तिथि बढ़ी

### निजी आईटीआई के लिए पोर्टल 16 अक्टूबर तक रहेगा खुलेगा

**रायसेन।** प्रदेश के शासकीय और निजी आईटीआई में रजिस्ट्रेशन तथा च्वाइस फिलिंग के लिए अंतिम तिथि में परिवर्तन किया गया है। आईटीआई के लिए रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया 21 सितम्बर से प्रारंभ है। शासकीय आईटीआई में भी रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग की तिथि 25 सितम्बर से 30 सितम्बर निर्धारित की गई है। पूर्व में शासकीय आईटीआई में पुनरू रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 सितम्बर तय की गई थी।

अब यह निर्णय लिया गया है कि निजी आईटीआई के लिए रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग के लिए मध्यप्रदेश ऑनलाईन पोर्टल अब 16 अक्टूबर तक खुला रहेगा। जिससे जो छात्र पूर्व में रजिस्ट्रेशन नहीं कर सके है वे इस अवधि में रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। शासकीय आईटीआई में अब तक कुल 14 हजार 574 बच्चों को प्रवेश दिया गया है। इसमें क्रास ट्रेनिंग स्किल में 14 हजार 235, इंडिस्ट्रीयल मेनेजमेंट समिति 213 में तथा ड्यूल सिस्टम ऑफ ट्रेनिंग में 136 बच्चों को प्रवेश मिला है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष राज्य के बाहर के आवेदक भी शासकीय एवं निजी आई.टी.आई. में प्रवेश के लिए पात्र है। राज्य के बाहर के आवेदकों के लिए आरक्षण लागू नहीं होगा। रिक्त सीटों पर प्रथमतरू राज्य के मूल निवासियों को प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश के बाद जो सीटें रिक्त होगी उन पर राज्य के बाहर के आवेदकों को प्रवेश दिया जायेगा। राज्य के बाहर के आवेदक चयन सूची में सबसे नीचे होंगे।

# मन की बात

## ठोकर बढ़ा है चाय वाला



भारत मां का बेटा हूं मैं ।
छुप कर तूने वार किया।।
तूने क्या सोचा था।
तूने बहुत बड़ा संघार किया।।
मैं तो शहीद हुआ हूं।
मेरे पीछे मेरा लाल खड़ा।।
आंख खोल कर देख ले।
तेरे निकट ही तेरा काल खड़ा।।
विस्तारवाद तेरी नीति।
तेरी नीति बहुत पुरानी है।।
बस इतना जान लो चीनी।
हम पक्के हिंदुस्तानी हैं।।
असली युद्ध क्या है।
इस बार समझ तुझे आएगा।।
जब एक हमारा सैनिक ।
तेरे सौ सौ को मजा चख आएगा।।
गीदड़ भभकी अब भूल जाओ।
नहीं रहा भारत 62 वाला।।
अबकी बार कुछ ऊंच-नीच की तो कहेगा।
ठोकत बड़ा है चाय वाला।
ठोकत बड़ा है चाय वाला।।

**नाम = कवि शिवम बैरागी गुप्ता**
**पता = राजाजीपुरम (लखनऊ)**

## हम और हमारा दिमाग़



कितने गर्व से हम मान लेते हैं
कि हम औरों से अलग है
कमाल है ! दिमाग़ हमारा
हमसे भी कितना ज्यादा सजग है
ज़रूरी नहीं जो दिमाग़ में भरा हो
वही सत्य हो सकता है
जो दिमाग़ को नहीं पता
वो भी तो सत्य हो सकता है
दिमाग़ की सोच और इन्सान की सोच
में ये ही बात तो अलग है
सिर्फ छह गिने - चुने तत्वों से
बनें हुए हैं सब इन्सान
हाइड्रोजन, ?ऑक्सीजन, कार्बन
नाइट्रोजन, फास्फोरस और कैल्शियम
इसके इलावा कुछ नहीं सब हैं एक समान
बस यही बात सब के लिए गौरतलब है

**स्वामी दास**

## मौत



या रब,तूने मेरा ये दिल
बेजान न सही पत्थर का ही
बना दिया होता
तो ये किसी अज़ीज़ के
हयात में मेरी
आने पर कम से कम यूँ तो
धड़का न होता न ही उसके
मुझसे खफ़ा होकर अलहदा
हो जाने पर उसके लिए इस
क़दर तड़पता उन्हें तो हक़ भी है
खफ़ा होने का मुझसे
पर मुझे उन पर
इतना इख़्तियार भी तो नहीं...
जी तो चाहता है रूठ कर मैं भी
किसी से ले सकती लुत्फ़
मनाने का जो कि है नामुमकिन
शायद इस जन्म में कई बार तो
ये भी आता है ज़ेहन में मेरे
क्यों न अब रूठ जाया जाए
ताउम्र के लिए
इस ज़िन्दगानी से ही...
कम से कम मुहब्बत से
मौत तो मुझे लगाने के लिए
अपने गले से होगी बेताब न?
भले ही वो न सही...

**नीलोफ़र-नीलू**
**देहरादून-उतराखण्ड**

# इंकार की कीमत

राहुल की बहन बीमार है , राहुल अपने दोस्त डा0 सागर के पास ले गया ।

सागर , ज़रा देखो तो आशा को ,आज तीन दिन से ठीक से खा पी नहीं रही , और पेट से दर्द की भी शिकायत है । मां ने घरेलू इलाज तो किया पर ठीक नहीं लग रहा ?। आज तो बहुत ज्यादा दर्द बता रही है ।

तुम चिन्ता ना करो मैं अभी देखा लेता हूं ।

डा0 सागर आशा का चैकअप करते हैं और एक दो टैस्ट भी करा कर रिपोर्ट देख कर बताते हैं ......

डा0,..... इसे पेट की गम्भीर बिमारी है ,कुछ दिन के लिए अस्पताल रखना होगा ।

लेकिन अस्पताल में कौन रहेगा , पिता के ना होने पर मां को ही सब काम - काज देखना होता है , और कल मुझे भी कुछ दिनों के लिए आफिस के काम से बाहर जाना है , आशा अकेली कैसे रहेगी अस्पताल में ?

मुझ पर भरोसा नहीं क्या , दोस्त तुम चिन्ता ना करो मैं हूं ना , मैं अच्छे से ख्याल रखूंगा तुम्हारी बहन का ।

सागर राहुल को विश्वास दिलाता है , और राहुल आशा को अस्पताल में दाखिल करा देता है ।

राहुल काम के सिलसिले में आउट आफ टाउन है मगर रोज़ बहन से फोन पर विडियो काल करके बात करता है , तीन - चार दिन बीत गए , आशा को अब पहले से बेहतर महसूस हो रहा है ।

एक दिन सुबह- सुबह-सुबह राहुल के फोन की घण्टी बजती है , राहुल जैसे ही फोन उठाता है , मां की ज़ोर - ज़ोर से रोने की आवाज सुनाई देती है ।

मां क्या हुआ , तुम इस तरह .. मां कुछ तो बताओ

रा..हु..ल... ... आ...शा

क्या हुआ आशा को ....

राहुल जल्दी आओ , जाने क्या हुआ रात को आशा ने आत्महत्या कर ली , सागर की आवाज सुनाई देती है ।

मुझे अभी नर्स का फोन आया तब मैं दौड़ा आया घर से , और मां को भी बुला लिया ।

राहुल वापिसी के लिए चल पड़ता है ।

आकर सागर से जानना चाहता है कि क्या हुआ , लेकिन सागर कुछ नहीं बता पाता , वो कहता है वो रात को ठीक छोड़ कर गया था , ना जाने फिर क्या हुआ ।

सागर राहुल को सांत्वना देता है ।

आशा को घर ले जाया जाता है और राहुल अन्तिम क्रिया करता है ।

सागर राहुल को सांत्वना देता रहता है । अक्सर घर पर भी आता है , कुछ दिन बीत गए , सब फिर से अपने - अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं , लेकिन राहुल को फिर भी चैन नहीं , कहीं उसे ये बात कचोटती है कि ऐसा क्या हुआ जो आशा ने अचानक आत्महत्या की । राहुल स्टाफ को कहते सुनता है , कि , डा0 ने राहुल से बदला लेने के लिए उसकी बहन को मार डाला , राहुल ने अपनी बहन की शादी डा0 से नहीं की इसलिए क्योंकि डा0 राहुल की बहन से प्यार करते थे ।

लेकिन राहुल को इन बातों पर यकीं नहीं होता ,उसे याद आता है वो दिन जब राहुल और सागर बातें कर रहे थे तो अचानक सागर ने कहा ... राहुल बुरा ना मानो तो मैं चाहता हूं हमारी ये दोस्ती रिश्तेदारी में बदल जाए , मेरा कोई नहीं है ना माता-पिता ना कोई रिश्तेदार इसलिए ये बात मुझे ही करनी है , मैं तुम्हारी बहन से शादी करना चाहता हूं । राहुल को अपने पैसे का घमण्ड , उसने इस रिश्ते से इंकार कर दिया । लेकिन सागर ने इसे दिल पर नहीं लिया और दोनों की दोस्ती ऐसे ही बरकरार रही ।राहुल ने महसूस किया , सागर को भी आशा के जाने का दुख था , अन्दर से कहीं टूट गया था वो , लेकिन किसी को ये नहीं समझ आ रहा था कि आखिर उस रात क्या हुआ , ना ही किसी रिपोर्ट में कुछ पता चल रहा था कि हत्या है या आत्महत्या । कुछ समय के बाद राहुल को भी वही आशा वाली शिकायत , पेट दर्द और खाना ना पचना , राहुल सागर के पास जाता है । डा0 सागर , राहुल को चैक कर टैस्ट कराता है और राहुल की रिपोर्ट देख कर हैरान है कि वही आशा वाली बिमारी है ,उसे कुछ दिन अस्पताल रहना होगा । इश्वर की इच्छा या राहुल का नसीब उसे वहीं कमरा मिलता है जहां आशा थी । सागर मुझे ऐसा लगता है जैसे इसकमरे में आशा हो । हां राहुल मैं जब भी इस कमरे में आता हूं , मुझे भी ऐसा महसूस होता है । रात को जैसे ही राहुल सोने लगता है , ठक-ठक , जैसे कोई दरवाजा खटखटा रहा हो , राहुल दरवाजा खोलता है , लेकिन वहां कोई नहीं ।



जैसे ही फिर सोने लगता है फिर वही ठक-ठक , लगभग पूरी रात ऐसे ही बीतती है ।

सागर , ........ रात को कोई बार - बार दरवाजा खटखटाता और जब मैं दरवाजा खोलता हूं तो कोई नहीं होता ।

राहुल , . .......लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है , तुम्हें तो रात में कोई दवाई भी नहीं देनी थी , लास्ट डोज़ मैं तुम्हें देकर गया था , ख़ैर मैं स्टाफ से पूछता हूं ।

सागर स्टाफ से पूछता है , सब यही कहते हैं कि उन्होंने नहीं खटखटाया ।

दूसरी रात फिर वही सिलसिला , जब तीन - चार बार राहुल दरवाजा खोलता है , कोई नहीं होता तो वो दरवाजा खुला छोड़कर सो जाता है । अचानक आधी रात को बारह से एक का समय , सब लोग सो चुके , राहुल भी गहरी नींद में , अचानक से उसके कमरे में ज़ोर से कोई खटका होता है । राहुल डर कर उठ जाता है , जैसे ही लाईट जलाने लगता है लाईट नहीं जलती , जबकि बाहर पूरे अस्पताल में लाइट जल रही है , वो घबराकर मोबाइल निकालता है और सागर को फोन मिलाता है , ऐसा लगा किसी ने उसके हाथ से मोबाइल छीन कर फेंक दिया । और थोड़ी देर बाद कमरे की लाईट जल जाती है ।

**अरे साक्षी तुम, तुम इस वक्त यहां ?**

इतनी रात गए , सब ठीक तो है , और तुम कैसी हो , कहां हो आजकल , तुम्हारी शादी हो गई ? एक ही सांस में बोल गया राहुल , लेकिन साक्षी ने कोई जवाब नहीं दिया , और देखते ही देखते उसकी आंखों से ओझल हो गई । राहुल ये देख कुछ परेशान सा हो गया । सुबह उसने सागर को बताया । तीसरी रात फिर वही सब , आज राहुल की बैचैनी बढ़ने लगी कि ये सब क्या है । साक्षी आखिर बात क्या है , कोई परेशानी है तो बताओ , मैं तुम्हारी मदद करूंगा , तुम कल भी आकर चली गई , मेरे पूछने पर कुछ नहीं कहा । राहुल ,तुम क्या मदद करोगे मेरी , मदद तो मैं तुम्हारी करने आई हूं ।

तुम ? मेरी मदद ? वो कैसे ??

तुम्हें इस तकलीफ़ से मुक्त करके , हमेशा-हमेशा के लिए ।

कैसे ?

तुम मेरे साथ चलो , जहां मैं हूं , तुम्हें वहीं ले जाने आई हूं ।

लेकिन कहां ?

मुझ पर भरोसा नहीं क्या ?

ठीक है चलो ! राहुल साक्षी के साथ चल देता है । साक्षी उसे छत की मुंडेर पर ले जा रही है कि अचानक गार्ड देख लेता है , और शोर मचा देता है , दो वार्ड बॉय जाकर राहुल को पकड़ते हैं , और जब पूछते हैं तो राहुल बताता है कि वो साक्षी के साथ जा रहा है , लेकिन वहां राहुल के सिवाय किसी को कोई नज़र नहीं आ रहा । सभी अचम्भित हैं ।

सुबह जब सागर को पता चलता है ।

राहुल , क्या रात को फिर से शिक्षा आई थी ?

हां सागर , लेकिन वार्ड बॉय कह रहे थे कि कोई नहीं है , जबकि वो मेरे साथ थी ।

आज की रात फिर वही बात , मगर आज किसी ने नहीं देखा , और राहुल साक्षी के पीछे चलता हुआ , छत से नीचे कूद गया , अचानक धम्म की आवाज़ हुई । गार्ड ने शोर मचाया डा0 सागर को बुलाया , सब इकट्ठा हो गए , लेकिन राहुल सो चुका था सदा के लिए ।

उसकी मां को बुला कर पार्थिव शरीर सोंपा गया ।

लेकिन सागर को चैन कहां , पहले आशा ने बिना वजह आत्महत्या की , अब राहुल की भी इसी तरह से मौत होना , और साक्षी तो उसके अस्पताल में एक बार भी दिखाई नहीं दी । ये सब क्या है ? उसके दिमाग में हलचल मची थी । एक दिन वो साक्षी के घर की तरफ रवाना हुआ कि साक्षी से ही पूछा जाए कि क्या मामला है । वहां जाकर उसे पता चलता है कि साक्षी ने तो एक साल पहले ही आत्महत्या कर ली , तो उसके पैरो तले से ज़मीन खिसक जाती है । सारी बात साक्षी के बाबा को बताकर और आत्महत्या का कारण पूछने पर उसके बाबा कहते हैं .... बेटा बिन मां की बच्ची थी , मुझे कुछ भी नहीं बताया , बाद में उसकी एक सहेली ने बताया किसी राहुल से प्यार करती थी , हम ठहरे गरीब , उसने अमीरी के नशे में इसका प्यार ठुकरा दिया । हां उसकी सहेली ने बताया था कि वो बहुत परेशान रहती थी और हर पल एक ही बात कहती थी कि राहुल ने मेरे प्यार की कद्र नहीं की , अगर वो मेरा नहीं तो किसी और का भी नहीं , मैं उसके परिवार में किसी का घर नहीं बसने दूंगी । आज साक्षी अपना प्रण पूरा कर चुकी थी ना राहुल को किसी का होने दिया , ना उसके परिवार में किसी का घर बसने दिया , इंकार की इतनी बड़ी क़ीमत चुकानी पड़ी राहुल और उसके परिवार को ।

**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर)**

# क्या है कृषि बिल 2020

कृषि बिल 2020 को लेकर समूचे पंजाब के किसान सड़कों पर उतर आए हैं। सरकार को विपक्ष के साथ-साथ अपने सहयोगियों के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है। कृषि बिल 2020 अध्यादेश के कारण अकाली दल और एनडीए का बर्षो पुराना गठबंधन टूट गया है, इसका विरोध करते हुए केंद्र सरकार में ( केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्योग मंत्री रहीं हरसिमरत कौर ने इस्तीफा दे दिया , और इसी क्रम में शिरोमणि अकाली दल ने भी एनडीए सरकार से खुद को अलग कर लिया। इसकी वजह बताते हुए दोनों नेताओं ने कहा कि वह ऐसे किसी मुद्दे का हिस्सा नहीं बन सकते जो किसानों के हितों के खिलाफ जाए, आज लाखों किसान सड़कों पर उतरे हुए हैं और हम उनके साथ खड़े हैं। ऐसा क्या है कृषि बिल 2020 अध्यादेश में जिसका किसानों द्वारा इतना विरोध किया जा रहा है। प्रथम कृषि बिल (कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य, संवर्धन और सरलीकरण विधेयक2020) के तहत किसान अपनी उपज को देश के किसी भी कोने में, किसी भी व्यक्ति को



बेचने के लिए स्वतंत्र होगा। सरकार का कहना है कि इस बदलाव के जरिए किसानों को बेहतर दाम मिलेगा, अध्यादेश के जरिए सरकार देश में, ÷एक देश, एक बाजार की बाजार की नीति बनाना चाहती है। इस बिल का उद्देश्य कृषि विपणन समितियोंके बाहर भी कृषि उत्पाद बेचने और खरीदने की व्यवस्था बनाना है। द्वितीय कृषि बिल अध्यादेश-(सशक्तिकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और आश्वासन और कृषि सेवा पर कृषि सेवा पर कृषि सेवा पर करार विधेयक 2020- के तहत किसानों को फसल बुवाई के पहले ही तय मानक के मुताबिक, तय कीमत पर उत्पाद बेचने का अनुबंध करने की सुविधा दी गई है। इससे किसान को खरीददार ढूंढने के लिए कहीं जाना नहीं पड़ेगा, वह किसी बड़े व्यापारी से बात करके तय कर सकता है कि जो फसल होगी उसकी कीमत क्या होगी, इस प्रकार किसानों को उत्पाद बेचने का जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा। किसानों को बिचौलियों के शोषण से भी मुक्ति मिलेगी। तीसरे कृषि बिल अध्यादेश( आवश्यक वस्तु संशोधन विधेयक 2020) के तहत? आवश्यक वस्तुओं की सूची से अनाज, दाल, तिलहन, आलू ,प्याज जैसी वस्तुओं को हटाने की बात की जा रही है। इस विधेयक के जरिए यह व्यवस्था की गई है, युद्ध, अकाल , प्राकृतिक आपदा, असाधारण मूल्य वृद्धि जैसी परिस्थितियों में इन कृषि उपजों की कीमतों को नियंत्रित किया जा सके। केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए कृषि बिल का जबरदस्त विरोध हो रहा है, आइए जानते हैं कि- क्यों हो रहा है इसका विरोध-बिल को लेकर किसानों और विपक्ष का सरकार पर आरोप है कि यह बिल किसानों के हित में नहीं है, इस बिल से किसानों के खेतों और मंडियों मैं बड़ी कारपोरेट कंपनियों का कब्जा हो जाएगा, किसानों को यह भी डर है कि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल पाएगा, किसान संगठनों एवं विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि इस कानून को भारतीय खाद्य व कृषि व्यवसाय पर हावी होने की इच्छा रखने वाले बड़े उद्योगपतियों के अनुरूप बनाया गया है। किसान चाहते हैं कि सरकार एमएसपी को लेकर कानून बना दे जिससे किसान मंडी या उसके बाहर सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपना उत्पाद बेच पाएं। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर किसान और सरकार के बीच तनातनी चल रही है।

**रश्मि मिश्रा रश्मि**
**भोपाल**

# बैंक से ऋण लेने वालों को राहत की चाहत: एड किशन भावनानी

**गोंदिया** -सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 के चलते ऋण स्थगन और ब्याज की माफी के विस्तार की मांग वाली याचिका पर सुनवाई को अगले सोमवार दिनांक 5 अक्टूबर 2020 तक के लिए स्थगित कर दिया। जैसे ही बेंच उठने वाली थी, एक वकील ने बैंकों के हाथों जनता के उत्पीड़न के बारे में एक और चिंता जताई-बैंक नियमित रूप से ग्राहकों को बुला रहे हैं और अभद्र भाषा का उपयोग कर रहे हैं। यदि आप %इसे प्रतिबंधित कर सकते हैं ..? पीठ ने कहा, इन मुद्दों से यहां निपटा नहीं जा सकता ... हमने कहा कि हम आज कोई आदेश पारित नहीं करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 3 सितंबर को उन खातों को नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स के रूप में घोषित ना करने को कहा था जिन्हें 31 अगस्त को ह्क्के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया था। बता दें कि ?सुप्रीम कोर्ट कोविड-19 महामारी के बीच लोन मोरेटोरियम अवधि खत्म होने और आगे ब्याज दरों को माफ करने की याचिकाओं पर दिनांक 2 सितंबर से सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने 2 सितंबर को कहा कि बैंक लोन रिस्ट्रक्चरिंग के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन वे कोविड-19 महामारी के दौरान किश्तों को स्थगित करने (मोरेटोरियम) की योजना के तहत श्वख्ड्ढ भुगतान टालने के लिए ब्याज पर ब्याज लेकर ईमानदार कर्जदारों को दंडित नहीं कर सकते। इसके पहले कोरोना लॉकडाउन की वजह से रिजर्व बैंक ने मार्च में लोगों को मोरेटोरियम याने लोन की *ईएमआई 3 महीने के लिए टालने की सुविधा दी थी। बाद में इसे 3 महीने और बड़ाकर 31 अगस्त 2020 के लिए कर दिया गया था। आरबीआई ने कहा था कि लोन की किस्त 6 महीने नहीं चुकाएंगे, तो इसे डिफॉल्ट नहीं माना जाएगा, लेकिन मोरेटोरियम के बाद बकाया पेमेंट पर पूरा ब्याज देना पड़ेगा। इसके विरोध में लोन लेने वाले ग्राहकों की दलील थी कि 1) कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्रीज महाराष्ट्र चैप्टर की तरफ से सीनियर वकील कपिल सिब्बल का कहना था मोरेटोरियम नहीं बड़ा तो कई लोग लोन पेमेंट में डिफॉल्ट करेंगे। 2) रियल स्टेट डेवलपर्स संगठन के वकील ए सुंदरम ने दलील रखी कि मोरेटोरियम में ग्राहकों से ब्याज वसूलना गलत है, इससे आने वाले समय में एन पी ए बड़ सकते हैं। 3) शॉपिंग सेंटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से वकील रंजीत कुमार ने कहा थिएटर, बार और फुड कोर्ट सब काम काज बंद है। इससे पहले 1 सितंबर को केंद्र सरकार ने कहा था कि कोरोना कि स्थिति को देखते हुए मोरेटोरियम पीरियड 2 साल के लिए बड़ाया जा सकता है। सरकार का यह जवाब इसलिए आया क्योंकि 26 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को फटकार लगाते हुए कहा था कि इस मामले में 7 दिन में स्थिति साफ की जाए। कोर्ट ने कमेन्ट किया था कि सरकार आरबीआई के फैसले की आड़ ले रही है जबकि उसके पास खुद फैसला लेने का अधिकार है। गुरुवार दिनांक 3 सितंबर 2020 को *न्यायमूर्ति अशोक भूषण की



अध्यक्षता वाली पीठ ने स्थगन अवधि के दौरान स्थगित किस्तों पर ब्याज लेने के मुद्दे पर सुनवाई के दौरान कहा कि ब्याज पर ब्याज लेना, कर्जदारों के लिए एक दोहरी मार है। याचिकाकर्ता गजेंद्र शर्मा की वकील राजीव दत्ता ने कहा कि किश्त स्थगन की अवधि के दौरान भी ब्याज लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आरबीआई यह योजना लाया और हमने सोचा कि हम किश्त स्थगन अवधि के बाद ईएमआई भुगतान करेंगे, बाद में हमें बताया गया कि चक्रवृद्धि ब्याज लिया जाएगा। यह हमारे लिए और भी मुश्किल होगा, क्योंकि हमें ब्याज पर ब्याज देना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने (आरबीआई) बैंकों को बहुत अधिक राहत दी हैं और हमें सच में कोई राहत नहीं दी गई। साथ ही उन्होंने कहा, मेरी तरफ से कोई चूक नहीं हुई है और एक योजना का हिस्सा बनने के लिए ब्याज पर ब्याज लेकर हमें दंडित नहीं किया जा सकता। त्ता ने दावा किया कि भारतीय रिजर्व बैंक एक नियामक है और बैंकों का एजेंट नहीं है तथा कर्जदारों को कोविड 19 के दौरान दंडित किया जा रहा है। अब सरकार कह रही है कि ऋणों का पुनर्गठन किया जाएगा। आप पुनर्गठन कीजिए लेकिन ईमानदार कर्जदारों को दंडित न कीजिए। कॉन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सी ए सुंदरम ने पीठ से कहा कि किश्त स्थगन को कम से कम छह महीने के लिए बढ़ाया जाना चाहिए। कल केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक ने उच्चतम न्यायालय को कहा कि कोविड-19 महामारी के बीच ऋण की किस्तों के भुगतान पर रोक को दो साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उन खातों को नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स घोषित होने से बचा लिया, जिन्हें 31 अगस्त के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया था, जब तक कि केस का निस्तारण नहीं हो जाता। जस्टिस अशोक भूषण, जस्टिस आर सुभाष रेड्डी और जस्टिस एमआर शाह की बेंच कोविड-19 के चलते लोन पर मोहलत के विस्तार और ब्याज की माफी की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मामले को एक हफ्ते के लिए स्थगित करते हुए, अदालत ने याचिकाकर्ताओं को घोषित होने के लिए संरक्षण दिया, जब तक कि मामले का निपटारा नहीं हो जाता। अब इस मामले की सुनवाई सोमवार दिनांक 5 अक्टूबर को होगी। अदालत ने यह भी कहा कि यह प्राथमिक दृष्टिकोण है कि कुछ निर्देशों को आरबीआई से आना है। आप क्या करते हैं, यह आपको तय करना है। कुछ चीजें भारत सरकार या आरबीआई द्वारा तय की जानी चाहिए। सब कुछ बैंकों पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने गुरुवार को टर्म लोन पर अर्जित ब्याज को बनाए रखने के कारणों से पीठ को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह बैंकिंग क्षेत्र की रक्षा के लिए किया गया था जो कि अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। मेहता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कार्यप्रणाली को किश्तों के भुगतान के तत्काल दबाव को कम करने के लिए, सभी क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया जाए और परिसंपत्तियों के पुनर्गठन पर जोर देने के लिए अपनाया गया था। इस बिंदु पर,न्यायमूर्ति भूषण ने कहा कि सभी उपाय पहले से ही आरबीआई द्वारा रिकॉर्ड में थे, हालांकि, केंद्र ने आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कोई उपाय नहीं किया। हम 32 के तहत जांच नहीं करेंगे कि क्या उपाय उपयुक्त हैं। प्रश्न डीएमए के कानूनी ढांचे के भीतर संघ का संचालन है? क्या एनडीएमए है? एसजी ने कहा कि डीएमए ने सरकार को निर्धारित किया है कि वह क्या कर सकती है। अब तक, एनडीएमए ने आरबीआई को पर्यवेक्षी भूमिका निभाने के लिए इसे उचित माना है, उन्होंने तर्क दिया। - कर विशेषज्ञ एड किशन भावनानी गोंदिया (महाराष्ट्र)।

# अपनी-अपनी बात

## दे दो हंसी पुरानी तुम



दे दो फिर से चाहत की
वो वजह पुरानी वाली तुम
वही तड़प हो पहले जैसी
दे दो चाह पुरानी तुम..।।
रातों की फिर नींद छीन लो
बीते करवट में फिर रातें
खो जाऊं फिर मधुर स्वप्न में
दे दो रात पुरानी तुम..।।
फिर हो रात चांदनी वाली
तारों की टिमटिम फिर भाए
हो अहसास साथ हो मेरे
दे दो बात पुरानी तुम..।।
अपनेपन से करो शिकायत
मैं भी तो फिर से इतराऊँ
हो जाए आंखों से बारिश
दे दो घटा पुरानी तुम..।।
दूर हुआ जब से मैं तुमसे
सहमा-सहमा रहता हूँ
मैं भी फिर थोड़ा सा हंस लूं
दे दो हंसी पुरानी तुम..।।
दे दो हंसी पुरानी तुम..।।

**विजय कनौजिया**
**मौलिकता का प्रमाण पत्र**

## माँ की ममता



जब भ्रूण बनकर आया तू गर्भ में
रक्त बनकर धमनियों में
बह रही थी ममता
जब तू शिशु बनकर आया गोद में
दुग्ध बनकर स्तनों में
बह रही थी ममता
जब तेरी किलकारी गूंजती थी आंगन में
होठों पर खुशी बन कर
नाच रही थी ममता
जब तू युवा हुआ
और स्वयं को स्थापित किया
गर्व वन के चेहरे से
फूट रही थी ममता
जब तू स्वयं के स्वार्थ बस
मुझको छोड़ गया
फिर भी आशीष बनकर कर
हृदय में
रो रही थी ममता

**कामिनी मिश्रा वरिष्ठ शिक्षिका व कवयित्री**
**प्रा0. वि. लालमन खेड़ा, बीघापुर- उन्नाव, उत्तर प्रदेश**

## पुरानी पेंशन बंद होने से लाखों कर्मचारी प्रभावित

**जिला ब्यूरो चीफ शिवपुरी नरेंद्र जाटव**

**राज्य के 6 लाख अधिकारी कर्मचारी प्रभावित**

**राज्य शिक्षा मंत्री को दिया ज्ञापन**

**अधिकारी कर्मचारियों में भारी आक्रोश**

**पुरानी पेंशन बंद होने से लाखों कर्मचारी प्रभावित**

**उच्च शिक्षा मंत्री मोहन सिंह यादव को दिया ज्ञापन**

शिवपुरी जिले के करैरा मैं/ पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया के नेतृत्व में दिनारा आए उच्च शिक्षा मंत्री मोहन सिंह यादव को संगठन मंत्री मोहन जाटव की अगुवाई में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में भारत सरकार ने बर्ष 2004 में अध्यादेश लाकर पुरानी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया इसके कारण भारत के लगभग 48 लाख केंद्रीय और राज्य अधिकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम पाने के हक से वंचित रह गए। इससे भारत के समस्त केंद्रीय राज्य कर्मचारी अधिकारी में भारी असंतोष निराशा ब आक्रोश है। ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप कुमार सेठ ने बताया मध्यप्रदेश शासन द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम को बंद कर देने से 6 लाख राज्य कर्मचारी अधिकारी पुरानी पेंशन के लाभ से वंचित हैं। शासन ने नई पेंशन लागू की है उसमें अनेक विसंगतियां हैं हम समस्त पेंशन आधिकारी कर्मचारी को पुरानी पेंशन स्कीम लागू किए जाने की मांग करते हैं । ज्ञापन में प्रतिभा सिंह , जिला अध्यक्ष सुनीता ओझा , सतीश वर्मा, प्रदीप सेठ, भानु प्रताप परमार, नंदकिशोर इंदौरिया, मनोज कुमार गौतम, मनीराम कारपेंटर, जगदीश जाटव, प्रदीप श्रीवास्तव अन्य सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

# पंछियों की खुशी

दुनिया में लॉकडाउन के समय पंछियों की दुनिया में भी अच्छे बदलाव हुए हैं। उनकी दुनिया पहले से ज्यादा हसीन और रहने लायक हुई है। इसका असर उनकी आवाज में महसूस होने लगा है। व्यवहार पारिस्थितिकी विज्ञानी लिज डेरीबेरी की टीम को पंछियों का अध्ययन करते हुए दिलचस्प नतीजे मिले हैं। पहले यह जान लेना जरूरी है कि डेरीबेरी करीब एक दशक तक सफेद कलगी वाली गौरैया का अध्ययन कर चुकी हैं। उन्होंने विस्तार से इस बात को सामने रखा था, समय के साथ बढ़ रहे शहरी शोर ने संवाद करने की पंछियों की क्षमता को कैसे बाधित किया है। ऐसे में, यह एक खुशखबरी है कि लॉकडाउन के वक्त पंछियों की आवाज ज्यादा खुशनुमा हुई है। जब महामारी के कारण सैन फ्रांसिस्को के लोग घरों के अंदर थे, तब यह अध्ययन शुरू किया गया। पंछियों और विशेष रूप से गौरैया की आवाजों का पीछा किया गया, उन्हें रिकॉर्ड किया गया। महामारी के पहले की उनकी रिकॉर्ड आवाज से नई आवाज की तुलना की गई और पाया गया कि पंछियों के स्वर पहले की तुलना में ज्यादा मधुर और मुखर हुए हैं। महामारी से पहले मानवी शोरगुल में उनकी आवाज वैसे ही दब जा रही थी, जैसे नक्कारखाने में तूती। सैन फ्रांसिस्को की सूनी पड़ी सड़कों पर पंछियों की आवाज रिकॉर्ड करके डेरीबेरी और उनके सहयोगियों ने खुलासा किया कि लॉकडाउन के समय पक्षियों की आवाज की गुणवत्ता व दक्षता, दोनों में नाटकीय रूप से सुधार हुआ है। खासकर नर पक्षी ज्यादा सुरीले हुए हैं, उन्हें अपने क्षेत्र की रक्षा व नया साथी खोजने के लिए अपने गीत-संगीत का सहारा लेना पड़ता है। टेनेसी यूनिवर्सिटी के शोधार्थी बताते हैं कि जितना अनुमान था, उससे कहीं ज्यादा पंछियों की आवाज बदली है। इससे पता चलता है, ध्वनि प्रदूषण किस तरह पंछियों की आवाज और दुनिया को नुकसान पहुंचाता है।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# भारतीय जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर तबाह कर दिए थे आतंकवादियों के लॉन्चिंग पैड

**नई दिल्ली।** सरकार सोमवार को सर्जिकल स्ट्राइक की चौथी वर्षगांठ मना रही है। सितंबर, 2016 में जम्मू और कश्मीर के उरी में एक सेना शिविर पर हुए घातक हमले की प्रतिक्रिया में आतंकवादी समूहों के खिलाफ आज ही के दिन हमले किए गए थे। रविवार को अपने मासिक रेडियो संबोधन मन की बात के दौरान, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को हमलों के बारे में याद दिलाया था। पीएम मोदी ने कहा, चार साल पहले, इस समय के दौरान, दुनिया ने सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान हमारे सैनिकों के साहस, बहादुरी और पराक्रम को देखा। हमारे बहादुर सैनिकों का बस एक ही मिशन और लक्ष्य था - किसी भी कीमत पर भारत माता की जय और सम्मान की रक्षा करना। उन्हें अपने जीवन की बिल्कुल भी परवाह नहीं थी। वे कर्तव्य की रेखा पर आगे बढ़ते रहे और हम सभी साक्षी बने कि वे कैसे विजयी होकर लौटे। उन्होंने भारत को गौरवान्वित किया था। 27-



28 सितंबर, 2016 की रात को भारतीय सेना के विशेष बलों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) को पार किया और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंक के लॉन्चिंग पैड को नष्ट कर दिया। यह उस साल 18 सितंबर को उरी उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में सेना के बेस कैंप पर पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए आत्मघाती हमले के जवाब में था। हमलों के लिए सेना की तैयारी 24 सितंबर से शुरू हुआ। विशेष बलों के दस्तों को नाइट-विज़न डिवाइस, 21 और-47 असॉल्ट राइफल, रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड, शोल्डर-फ़ाइबल मिसाइल, हेकलर और कोच पिस्तौल, उच्च विस्फोटक ग्रेनेड और प्लास्टिक विस्फोटक से लैस किया गया था। सभी टीम में 30 भारतीय जवान शामिल थे। जम्मू और कश्मीर और पंजाब में सीमा के करीब रहने वाले नागरिकों को भारतीय सैनिकों के जाने से पहले 27 सितंबर को रात 10 बजे वहां से हटाना शुरू कर दिया गया था। ये आतंकी शिविर भारतीय क्षेत्र में आतंकवादियों को भेजने के लिए लॉन्चपैड के रूप में काम करने के लिए बनाए गए थे। सैनिकों के अंदर जाने और लगभग पांच घंटे तक चलने वाले ऑपरेशन को पूरा करने से पहले इन लॉन्चपैडों पर तैनात पहरेदारों को स्निपर्स ने मार गिराया। सेना ने कहा था कि भारतीय सैनिकों ने छह लॉन्चपैड्स को तबाह दिया और विभिन्न स्थानों पर 45 आतंकवादियों को मार गिराया। ये लॉन्चपैड ऑपरेशन से पहले एक सप्ताह से निगरानी में थे।

## अमेरिका में कोविड-19 से अब तक 2.04 लाख से अधिक लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) से गंभीर रूप से जूझ रहे अमेरिका में इसके संक्रमण से 2.04 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में यह महामारी विकराल रूप ले चुकी है और अब तक 71 लाख से अधिक लोग इससे संक्रमित हो चुके हैं। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में कोरोना से मरने वालों की संख्या 2,04,750 पहुंच गयी है जबकि संक्रमितों की संख्या 71 लाख को पार कर 71,13,666 हो गयी है। अमेरिका का न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और कैलिफोर्निया प्रांत कोरोना से सबसे बुरी तरह प्रभावित है। अकेले न्यूयॉर्क में कोरोना संक्रमण के कारण 33,131 लोगों की मौत हुई है। न्यूजर्सी में अब तक 16,103 लोगों की इस महामारी के कारण मौत हो चुकी है। कैलिफोर्निया में कोविड-19 से अब तक 15 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

# पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ओडिशा ने कोरोना के बीच शुरू किया रोड कैम्पेन

**नई दिल्ली।** कोविड -19 महामारी के बीच ओडिशा पर्यटकों को लुभाने और वापस बुलाने के लिए नई योजनाएं ला रही है। ओडिशा सरकार ने रविवार को ओडिशा बाय रोड अभियान शुरू किया, जिसके जरिए पर्यटक राज्य के पर्यटक सर्किट को गुणवत्ता वाले सड़कों के नेटवर्क के माध्यम से देख सकते हैं। क्योंकि अभी लोगों के ट्रेन और हवाई यात्रा करन की संभावना कम है। ओडिशा के पर्यटन मंत्री ज्योति प्रकाश पाणिग्रही ने भुवनेश्वर में 9 सुपर बाइकर समूहों के 80 सुपरबाइक्स से युक्त 25 किमी बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर ओडिशा बाय रोड' अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा, कि राज्य ने यात्रियों के लिए अपने पर्यटन क्षेत्र को खोल दिया है।

ज्योति प्रकाश ने कहा, हम पर्यटकों को पहाड़ी-स्टेशनों, आदिवासी इलाकों, समुद्र तटों पर लुभाने की योजना बनाते हैं और उन्हें भोजन, विरासत, साहसिक, जातीय मुठभेड़ों, कला और हस्तशिल्प, अवकाश, वन्य जीवन और पारिस्थितिकवाद का अनुभव कराते हैं। हम पर्यटकों को इको-टूर नेचर कैंप, ओटीडीसी प्रॉपर्टीज देखने और ऐसी जगहों पर रातें बिताने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। जो अर्थव्यवस्था को शुरू करने में मदद करेंगी। मंत्री ने निमन्त्रन नाम के प्रामाणिक ओडिया व्यंजन रेस्तरां की एक श्रृंखला के माध्यम से ओडिया व्यंजनों के प्रचार के लिए एक अभियान की घोषणा की। राज्य के स्वामित्व वाली ओटीडीसी द्वारा चलाए जाने वाले रेस्तरां ओडिया व्यंजनों को बढ़ावा देंगे और



लोकप्रिय बनाएंगे। राज्य के पर्यटन सचिव विशाल देव ने कहा कि ओडिशा बाय रोड अभियान का उद्देश्य पड़ोसी राज्यों के पर्यटकों को मंदिरों और समुद्र तटों से परे ले जाना है और उन्हें चिलिका लैगून, भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान और कम ज्ञात समुद्री समुद्र तटों जैसे कई अन्य स्थलों का पता लगाने की अनुमति देना है। हमें उम्मीद है कि लोग छोटे समूहों में यात्रा करेंगे ताकि महामारी के दौरान सुरक्षित रहें। आंध्र प्रदेश के पर्यटक ओडिशा-आंध्र सीमा पर घाटियों और पहाड़ों के माध्यम से ड्राइविंग करते हुए ओडिशा आ सकते हैं। इसी तरह, छत्तीसगढ़ और बंगाल के पर्यटक भी कई अन्य पर्यटन स्थलों की खोज के लिए राज्य का दौरा कर सकते हैं। पर्यटन विभाग ने सड़क अभियान द्वारा ओडिशा के लिए पर्वतीय स्थलों और आदिवासी इलाकों सहित 15 मार्गों को अंतिम रूप दिया है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि 1 अक्टूबर से इको रिट्रीट शिविरों के साथ पर्यटन गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा, जहां कोणार्क सहित 5 स्थानों पर योजना बनाई जा रही है जहां यह पिछले साल शुरू हुआ था। पर्यटन विभाग के सचिव ने कहा कि कोणार्क के अलावा सतकोसिया, भितरकनिका, दारनिगबाड़ी और हीराकुद में इको-रिट्रीट कैंप आयोजित किए जाएंगे। एक अधिकारी ने कहा, हम राज्य में 42 इकोटूरिज्म गंतव्य खोलने की योजना बनाते हैं जो 600 से अधिक वन आश्रित समुदाय के सदस्यों द्वारा प्रबंधित किया जाता है। कोविड -19 के मानदंडों का पर्यटन स्थलों पर सख्ती से पालन किया जाएगा।

# अपनी धौंस जमाने के लिए दक्षिण चीन सागर में सैन्य चौकियों का इस्तेमाल कर रहा है चीन : अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने कहा है कि दक्षिण चीन सागर में चीन अपनी चौकियों का इस्तेमाल धौंस जमाने तथा उस जल क्षेत्र में अपना कब्जा जमाने के लिए कर रहा है जिस पर उसका कानूनन हक नहीं है। अमेरिका ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से कहा कि वह समुद्री क्षेत्र में अपने इन निर्माणों का किसी अन्य देश को प्रभावित करने या हमला करने के लिए इस्तेमाल नहीं करने के अपने वादे का सम्मान करें। बीजिंग 13 लाख वर्गमील में फैले लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर दावा जताता है। चीन क्षेत्र में उन कृत्रिम द्वीपों पर सैन्य ठिकानों का निर्माण कर रहा है जिन पर ब्रुनेई, मलेशिया, फिलिपीन, ताईवान तथा वियतनाम भी अपना दावा जताते हैं। बीजिंग ने हाल के वर्षों में पड़ोसी राष्ट्रों द्वारा इलाके में मछली पकड़ने तथा खनिज उत्खनन जैसी गतिविधियों को अवरूद्ध किया है और कहा है कि संसाधन समृद्ध इस समुद्री क्षेत्र पर सैकड़ों वर्षों से उसका मालिकाना हक है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मॉर्गन ऑर्टगस ने रविवार को कहा कि पांच साल



पहले 25 सितंबर, 2015 को चीन के राष्ट्रपति ने व्हाइट हाउस के रोज गार्डन में वादा किया था कि चीन का द्वीपों का सैन्यीकरण करने का इरादा नहीं है और चीन की चौकियां किसी को निशाना नहीं बनाएंगी या किसी देश को प्रभावित नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि लेकिन इसके बजाए चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) समर्थित चीन की सरकार ने इन विवादित चौकियों का अंधाधुंध तरीके से सैन्यीकरण करना शुरू कर दिया, यहां पोत भेदी क्रूज मिसाइलों की तैनाती की, लड़ाकू विमानों के लिए कई दर्जन हैंगर तथा रनवे बनाए। ऑर्टगस ने कहा, सीसीपी ने इन सैन्यीकृत चौकियों का इस्तेमाल धमकाने तथा उस जलक्षेत्र पर कब्जा जमाने के लिए किया जिन पर उसका कानूनन कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अनुरोध करते हैं कि वे इस खतरनाक एवं अस्वीकार्य व्यवहार के खिलाफ आवाज बुलंद करें और सीसीपी को यह साफ कर दें कि उसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। दक्षिण चीन सागर में चीन के प्रतिरोधी प्रयासों के खिलाफ अमेरिका दक्षिण-पूर्वी एशियाई सहयोगियों और साझेदारों के साथ खड़ा है। नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा का संकल्प लेते हुए हाल के महीनों में अमेरिका ने दक्षिण चीन सागर में अपनी नौसेना की मौजूदगी बढ़ा दी है।

## दोबारा प्रयोग हो सकेगा एन-5 मास्क, ऊष्मा और नमी के संयोजन से संक्रमणमुक्त करने का तरीका ढूंढा

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे के बावजूद एन95 मास्क जैसे सुरक्षात्मक उपकरणों की कमी की वजह से इनका दोबारा इस्तेमाल करने को मजबूर स्वास्थ्य कर्मियों की इस समस्या का वैज्ञानिकों ने समाधान ढूंढ लिया है।

शोधकर्ताओं ने एन95 मास्क को दोबारा इस्तेमाल करने के लिए ऊष्मा और नमी का संयोजन करके उसे संक्रमण-मुक्त करने का एक नया तरीका खोजा है।

हालांकि, ऊर्जा विभाग के एसएलएसी नेशनल एक्सीलिरेटर लेबोरेटरी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास की चिकित्सकीय शाखा के शोधकर्ताओं ने पाया कि उच्च सापेक्ष आर्द्रता में धीरे-धीरे एन 95 मास्क को गर्म करने से उनकी गुणवत्ता में गिरावट के बिना मास्क के भीतर फंसे सार्स-कोव-2 वायरस को निष्क्रिय किया जा सकता है। इस शोध-पत्र के वरिष्ठ लेखक स्टैनफोर्ड के भौतिक विज्ञानी स्टीवन चू ने कहा, यह वास्तव में एक समस्या है, इसलिए यदि आप कुछ दर्जन बार मास्क को रीसाइकल करने का तरीका ढूंढ सकते हैं, तो यह समस्या दूर हो जाती है। चू ने कहा, आप प्रत्येक डॉक्टर या नर्स की कल्पना कर सकते हैं कि उनके पास एक दर्जन से अधिक मास्क का अपना निजी संग्रह होने जा रहा है। कॉफी ब्रेक के दौरान वे अपने मास्क को संक्रमण-मुक्त कर सकेंगे।



## भारत में ठीक हुए 50 लाख से ज्यादा कोरोना मरीज

# 10 लाख रिकवरी सिर्फ 11 दिनों में

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हर दिन कोरोना वायरस के पॉजिटिव मामले खौफनाक रिकॉर्ड बनाते जा रहे हैं, मगर इस बीच अच्छी खबर भी है। दरअसल केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार ठीक होने वाले कोरोना मरीजों की संख्या 50 लाख के पार हो गई है। आखिरी 10 लाख लोगों की रिकवरी सिर्फ 11 दिनों में हुई है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा और शनिवार को इससे पूरे विश्व में मरने वालों की संख्या बढ़कर 990,000 के पार हो गई है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में अब तक 990,738 मरीजों की मौत हो चुकी हैं वहीं अबतक 3.26 करोड़ मरीज संक्रमित हो चुके हैं। भारत में कुल कोरोना मरीजों की बात करें तो शनिवा के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में भारत में 88,600 नए कोविड-19 मामले सामने आए हैं और 1,124 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने जानकारी दी कि कोरोना के कुल 5,992,533 मामलों में 9,56,402 सक्रिय मामले, 49,41,628 ठीक हो चुके और 94,503 मौतें शामिल हैं।

## अमेरिक में टिक टॉक बैन के राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के टिक टॉक पर प्रतिबंध को एक संघीय न्यायाधीश द्वारा अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। ये चीनी स्वामित्व वाले लोकप्रिय ऐप को हटाने के सरकार के फैसले को एक झटका है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश कार्ल निकोल्स ने रविवार की सुबह एक सुनवाई के बाद व्यापक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले वीडियो-शेयरिंग ऐप टिकटॉक पर प्रतिबंध के खिलाफ एक प्रारंभिक निषेधाज्ञा दी। न्यायाधीश ने इसे चलाने के लिए एक नवंबर की समय सीमा के खिलाफ निषेधाज्ञा देने से इनकार कर दिया। टिक टॉक के मालिक, बाइटडांस लिमिटेड ने राष्ट्रपति द्वारा अमेरिकी ऐप स्टोरों से टिकटॉक हटाने के आदेश के बाद इसे तब तक होल्ड करने का अनुरोध किया था, जब तक कि कंपनी अपने अमेरिकी परिचालन में हिस्सेदारी एक घरेलू खरीदार को नहीं बेच देती।

# ट्रंप और बाइडेन के बीच 29 सितंबर को होगी राष्ट्रपति पद के लिए पहली आधिकारिक बहस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के बीच राष्ट्रपति पद के लिए पहली आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) 29 सितम्बर को होगी। अमेरिका में तीन नवम्बर को होने वाले चुनाव से पहले ट्रंप और बाइडेन के बीच तीन बार इस तरह की बहस होगी। फॉक्स न्यूज के मशहूर एंकर क्रिस वालास पहली बहस का संचालन करेंगे। सी-स्पैन नेटवर्क्स के स्टीव स्कली 15 अक्टूबर को मियामी (फ्लोरिडा) में होने वाली दूसरी बहस और एनबीसी न्यूज की क्रिस्टन वेलकर 20 अक्टूबर को नैशविले (टेनेसी) में तीसरी बहस का संचालन करेंगी।

उप राष्ट्रपति माइक पेंस (61) और उप राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस (55) के बीच सात अक्टूबर को उटा के सॉल्ट लेक में उप राष्ट्रपति पद के लिए की बहस होगी। यूएसए टूडे की पत्रकार सुसन पेज इसका संचालन करेंगी। सभी चार बहस कमिशन ऑन प्रेसिडेंशियल डिबेट्स (सीबीडी) द्वारा आयोजित की जा रही हैं। ये बहस 90 मिनट की होंगी। अगस्त में, सीपीडी ने राष्ट्रपति पद के लिए सितम्बर की शुरुआत में बहस का आयोजन कराने के ट्रंप अभियान दल के अनुरोध को ठुकरा दिया था। वहीं ट्रंप ने रविवार को पत्रकारों से कहा था कि न्यूजर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी और न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर रूडी गिलियानी उन्हें बहस के लिए तैयारी करने में मदद कर रहे हैं। इससे पहले दिन में ट्रंप ने ट्वीट कर बहस से पहले बाइडेन के ड्रग टेस्ट कराने की मांग की थी। उन्होंने ट्वीट किया था, मैं बहस से पहले या बाद में जो बाइडेन के ड्रग टेस्ट कराने की मांग करता हूं। मैं भी यकीनन यह कराने को तैयार हूं। बहस में उनका प्रदर्शन हमेशा असमान रहा है। केवल ड्रग ही इन विसंगतियों का कारण हो सकते हैं। संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने एक बार फिर बाइडेन के बहस से पहले ड्रग टेस्ट कराने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि वह भी इसे कराएंगे। ट्रंप ने कहा, मैं ड्रग टेस्ट कराने को तैयार हूं। मुझे लगता है कि उन्हें भी कराना चाहिए... वह काफी असंगत रहे हैं... आपको पता है मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। अगर आपने वे कुछ बहस देखीं होगी तो, मैं कहूंगा कि ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह जारी रखा जा सके। वह इसे जारी नहीं रख सकते। बाइडेन ने अभी तक ट्रंप की इन टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की है। इस बीच, कांग्रेस के 70 से अधिक सदस्यों ने सीपीडी को पत्र लिख जलवायु परिवर्तन को बहस का विषय बनाने की अपील की है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए पहली बार 26 सितम्बर 1960 को बहस हुई थी।

## ट्रंप ने 2016-17 में आयकर के रूप में 750 डालर का भुगतान किया

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में अपने कार्यकाल के पहले वर्ष 2016-17 के दौरान संघीय आयकर के तौर पर महज 750 अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया। न्यूयॉर्क टाइम्स में सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अखबार के अनुसार यह रिपोर्ट ट्रंप और उनकी कंपनियों के दो दशक के रिकार्ड पर आधारित है। रिपोर्ट के अनुसार बीते 15 वर्षा में से 10 वर्ष ट्रंप ने कोई आयकर भुगतान नहीं किया। दूसरी तरफ ट्रम्प ने व्हाइट हाऊस में एक संवाददाता सम्मेलन में अखबार में छपी रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस खबर को फेक न्यूज बताकर खारिज करते हुए कहा था कि वह करों का भुगतान करते हैं तथा उनका आयकर रिटर्न देखा जा सकता है और यह काफी समय से यह ऑडिट हो रहा है। ट्रम्प अपने व्यवसाय से संबंधित दस्तावेजों को साझा करने से इनकार करने के लिए कानूनी चुनौतियों का सामना कर रहे है। वह 1970 के बाद से अपने कर के रिटर्न को सार्वजनिक नहीं करने वाले पहले राष्ट्रपति हैं।

## दुबई में बढ़े कोरोना वायरस के मामले, नाइटलाइफ पर नए प्रतिबंधों का हुआ ऐलान, कोरोना के चलते दुबई ने नाइटलाइफ पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की



दुबई में कोरोना वायरस के बढ़ते मामले के मद्देनजर प्रशासन ने रात में बार और रेस्तरां की सेवाओं पर नए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। दुबई पर्यटन अधिकारियों ने सभी बार तथा रेस्तरां को देर रात एक बजे सभी तरह की सेवाएं बंद करने का आदेश दिया है। वहीं होटलों पर देर रात तीन बजे के बाद से डिलीवरी और कमरे देने पर प्रतिबंध होगा। अधिकारियों ने भोजन और मद्यपान की सेवाएं उपलब्ध कराने वाले सभी प्रतिष्ठानों से वायरस रोधक प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए कहा है। इसका उल्लंघन करने पर उन्हें सख्त कार्रवाई और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। दुबई में जुलाई में बार तथा रेस्तरां दोबारा खोल दिए गए थे। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अभी तक कोरोना वायरस के 90,600 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं और 400 लोगों की इससे मौत भी हुई है। देश में अब रोजाना सामने आ रहे मामलों की संख्या बढ़ रही है।

# कोर्ट का सीबीआई से सवाल- मीट कारोबारी मोइन कुरैशी से जुड़े केस में अपने 3 पूर्व प्रमुखों से क्यों नहीं की पूछताछ?

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से सवाल किया है कि उसने अपने पूर्व सीबीआई निदेशक रंजीत सिन्हा, एपी सिंह और आलोक वर्मा से करोड़पति मांस निर्यातक मोइन कुरैशी के खिलाफ फरवरी 2017 में दर्ज रिश्वत मामले में पूछताछ क्यों नहीं की। एफआईआर में सीबीआई ने आरोप लगाया था कि कुरैशी ने एक मांस निर्यातक की अपनी नौकरी के अलावा कुछ नौकरशाहों के लिए एक बिचौलिए के रूप में भी काम किया। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि कुरैशी ने एपी सिंह की भी मदद की, जो 2012 में सीबीआई प्रमुख के रूप में रिटायर हुए थे। सीबीआई के विशेष अदालत के न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने एजेंसी से कई सवाल पूछे। उन्होंने कहा, सीबीआई अपने पूर्व-निदेशकों में से दो की भूमिका से जुड़े मामले में अपने पैरों को क्यों खींच रही है? इससे यह साबित हो सकता है कि उनके संबंध में जांच को आगे बढ़ाने के लिए बहुत उत्सुक नहीं है।

जज ने कहा कि इस मामले में सीबीआई के पूर्व-निदेशकों में से दो (एपी सिंह और रंजीत सिन्हा) की भूमिका जांच के दायरे में है। इस मामले में ईमानदार जांच की जरूरत है। उन्होंने 26 सितंबर के अपने




आदेश में यह बात कही। जज ने कहा कि एक प्रमुख जांच एजेंसी के रूप में सीबीआई की छवि फिर से देखने योग्य है। एक ही समय में अपने दो पूर्व प्रमुखों के खिलाफ आरोपों की जांच करने के लिए इसे बढ़ाना होगा। जब कोई भी संस्था या संगठन खुद को एक चौराहे पर खड़ा पाता है, तो उसे सही रास्ता अपनाना पड़ता है। अदालत ने एजेंसी से यह भी जानने की कोशिश की कि उसने संभावित संदिग्धों की तलाशी और हिरासत में पूछताछ जैसी जांच और परीक्षण के तरीकों का उपयोग करके मामले को जांच में तार्किक रूप से क्यों नहीं लाया। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा कि क्या जांच को रोकने में वर्मा द्वारा निभाई गई कथित भूमिका की जांच की गई थी। जज ने सीबीाई से पूछा कि क्या निश्चित समयसीमा की अनुपस्थिति में जांच अनिश्चित काल के लिए चलेगी? अपने जवाब में सीबीआई ने 26 सितंबर को अदालत को बताया कि अब तक 544 दस्तावेज एकत्र किए गए थे और 63 (जिनमें तीन नाम आरोपी हैं) गवाहों की जांच की गई थी। इसमें कहा गया है कि पिछले जांच अधिकारी दविंदर कुमार, पुलिस उपाधीक्षक ने मोइन अख्तर कुरैशी, प्रदीप कोनेरू, आदित्य शर्मा और सतीश बाबू सना को गिरफ्तार करने का प्रस्ताव पेश किया था। सीबीआई के पूर्व विशेष निदेशक राकेश अस्थाना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं की जा सकी। मामले में जांच पूरी करने के लिए कई संभावित गवाहों की जांच होनी बाकी है। अब इस मामले की सुनवाई 27 अक्टूबर को होगी।



# चहल ने मंगेतर धनश्री वर्मा को दी जन्मदिन की बधाई

दुबई ■ एजेंसी

युजवेंद्र चहल की मंगेतर धनश्री का आज जन्मदिन है। आज इस खास मौके पर जहां धनश्री के लाखों फैंस उन्हें बधाईयां दे रहे हैं तो भला चहल कैसे पीछे रह सकते थे। चहल ने अपनी मंगेतर धनश्री के जन्मदिन को खास बनाते हुए सोशल मीडिया पर कुछ रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं जिसके साथ धनश्री के लिए एक मैसेज भी लिखा है। चहल ने इंस्टाग्राम पर धनश्री के साथ दो खास तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह अपनी मंगेतर के कंधे पर सिर रखे नजर आए। इन फोटोज को शेयर करते हुए चहल ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो लव! आशा है कि यह खास दिन तुमाहरे लिए प्यार और आशीर्वाद से भरा हो। एंज्वॉय करो। जैसा कि मैं तुमसे हमेशा कहा है जो चीज आपको खुश करती है वही मुझे खुश भी करती है। मैं तुमसे प्यार करता हूं। चहल और धनश्री की इन तस्वीरों को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। चहल द्वारा धनश्री को दी गई बधाई पोस्ट को 8.75 लाख से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है और सैकड़ों लोगों ने इस पर कमेंट्स करते हुए धनश्री को इस खास मौके पर बधाई दी है। गौर हो कि चहल और धनश्री ने अगस्त में सगाई की थी और इस समय चहल यूएई में आईपीएल खेल रहे हैं।

# क्या सुरेश रैना ने ट्विटर पर चेन्नई सुपर किंग टीम को अनफॉलो कर दिया

नईदिल्ली ■ एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के उप-कप्तान रह चुके सुरेश रैना ने टूनामेंट के इस सीजन में नहीं खेलने का फैसला लिया। रैना टीम के साथ दुबई पहुंचे, लेकिन फिर निजी कारणों से स्वदेश लौट गए और कहा कि वो इस सीजन में नहीं खेल सकेंगे। इसके बाद से इसको लेकर काफी विवाद भी हुआ, हालांकि बाद में सबकुछ ठीक भी हो गया। रैना स्वदेश में रहकर सीएसके के मैचों के दौरान सोशल मीडिया के जरिए टीम के प्रदर्शन को लेकर पोस्ट शेयर करते हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर एक ट्वीट वायरल होना शुरू हो गया कि ट्विटर पर रैना ने सीएसके को अनफॉलो कर दिया है। चलिए आपको बताते हैं कि इसमें कितना सच है। ट्विटर पर अगर आप देखेंगे तो अभी तक दोनों एक-दूसरे को फॉलो कर रहे हैं और यह महज अफवाह है, जो सोशल मीडिया पर फैली है कि रैना ने सीएसके को अनफॉलो कर दिया है। रैना इन दिनों अपने परिवार के साथ हैं और लगातार ट्रेनिंग भी कर रहे हैं। रैना कह चुके हैं कि अगर हालात ठीक होते हैं, तो वो वापस दुबई लौट सकते हैं। दरअसल कोविड-19 महामारी के चलते इस साल आईपीएल युनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) में खेला जा रहा है। सीएसके कैंप से दीपक चाहर और ऋतुराज गायकवाड़ दो खिलाड़ी कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे, इसके अलावा करीब 10 स्टाफ भी कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए थे। रैना इसके बाद निजी कारणों का हवाला देकर दुबई से स्वदेश लौट गए थे।



## न्यूज. ब्रीफ

### ला लीगा फुटबॉल लीग : रियाल मैड्रिड ने रियाल बेटिस पर 3-2 से जीत दर्ज की



**बार्सिलोना।** रियाल मैड्रिड ने शनिवार को सेविले में खेले गये ला लीगा फुटबॉल लीग मुकाबले में रियाल बेटिस को 3-2 से शिकस्त दी। मैच के दौरान वीडियो एसिस्टेंट रैफरी (वीएआर) का भी इस्तेमाल किया गया। वीएआर में एक हैंडबॉल का पता लगा जिससे सर्गियो रामोस ने 82वें मिनट में पेनल्टी को गोल में तब्दील कर दिया। रियाल बेटिस के डिफेंडर इमर्सन को 67वें मिनट में लाल कार्ड दिखाया गया जिससे टीम 10 खिलाड़ियों के साथ ही मैदान पर खेल रही थी। रियाल मैड्रिड के लिये फेडरिको वाल्वरडे ने 14वें मिनट में गोल किया जबकि इमर्सन के आत्मघाती गोल से टीम 2-2 की बराबरी पर पहुंची। रियाल बेटिस के लिसे ऐसा मांडी ने 35वें और विलियम कार्वाल्हो ने 37वें मिनट में गोल किया।

### इटली में कोरोना वायरस शिकार लोगों की याद में रिले दौड़

**कोडोगनो।** इटली में कोरोना महामारी से संक्रमित पहला व्यक्ति मैस्ट्री 180 किलोमीटर लंबी रिले दौड़ में हिस्सा लेगा। यह दौड़ कोरोना वायरस संक्रमण का शिकार हुए लोगों की याद में आयोजित की जा रही है। मैस्ट्री को कोरोना वायरस संक्रमण के चलते आईसीयू में भर्ती कराया गया था पर कुछ सप्ताह के इलाज के बाद वह ठीक हो गया था। यह दौड़ इटली के दो शुरूआती कोरोना वायरस संक्रमण स्थलों कोडोगनो से शुरू होकर वोयूगेनियो में खत्म होगी। मैस्ट्री 21 फरवरी को कोडोगनो में ही कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे जबकि वोयूगेनियो में उसी दिन कोविड-19 से पहली मौत हुई थी।

### आईसीसी मुख्यालय तक फैला संक्रमण

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के यहां स्थित मुख्यालय के कुछ कर्मचारी कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं। इसके बाद से ही स्वास्थ्य प्रोटोकॉल के तहत अब ये कर्मचारी पृथकवास पर रहेंगे। यह भी संभावना है कि कड़े स्वास्थ्य सुरक्षा प्रोटोकॉल को देखते हुए अगले कुछ दिनों तक आईसीसी मुख्यालय बंद कर दिया जाये। इस दौरान सभी कर्मचारी घर से ही कामकाज करेंगे। आईसीसी मुख्यालय में आये इस संक्रमण से इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल प्रभावित नही होगी क्योंकि आईसीसी अकादमी के मैदान अलग-अलग जगहों पर होने के कारण सुरक्षित हैं। इसके अलावा ये मुख्यालय से काफी दूर भी हैं। आईसीसी ने अभी तक संक्रमण को लेकर कोई बयान नही दिया है। वही एक वरिष्ठ सदस्य ने माना कि कुछ पॉजिटिव मामले आए हैं पर साथ ही यह भी कहा कि आईसीसी हर स्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। आईसीसी ने सभी संक्रमित स्टाफ सदस्यों को पृथकवास पर भेज दिया है।

### हीली बनीं सबसे सफल टी20 विकेटकीपर



**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर एलिसा हीली अब अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में सबसे सफल विकेटकीपर बन गयी है। हीली ने इस दौरान टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का रेकॉर्ड तोड़ा। हीली इसी के साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे ज्यादा शिकार करने वाली विकेटकीपर बन गई हैं। महिला और पुरुष दोनों वर्गों को में हीली अब नंबर एक पर आ गयी हैं। हीली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों सीरीज के दूसरे मुकाबले में यह अहम उपलब्धि अपने नाम की है। ब्रिसबेन में हीली ने अपने नाम 92वां विकेट किया। वही धोनी के नाम अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में 91 शिकार हैं। धोनी ने भारत के लिए 98 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। वहीं हीली ने अपने 114वें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को पीछे छोड़ा। धोनी ने 15 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह अभी आईपीएल खेल रहे हैं जबकि हीली न्यूलीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेल रहीं हैं।

**आईपीएल 2020: मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में आज होगी बड़ी 'जंग'**

# कोहली के सामने होंगे हिटमैन रोहित

दुबई ■ एजेंसी

भारत या यूं कहें दुनिया के दो दिग्गज बल्लेबाज- विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जंग सोमवार को सबसे बड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। लीग के 13वें संस्करण में विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और रोहित शर्मा की मुंबई इंडियंस टीमें दुबई इंटरनैशनल स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। कप्तानी के लिहाज से देखा जाए तो रोहित आईपीएल में कोहली से बेहतर ही साबित हुए हैं। चार बार मुंबई को खिताब दिला चुके रोहित को लीग के सबसे कप्तानों में गिना जाता है, लेकिन कोहली की गोद बिना ट्रॉफी के सूनी है।



### बैटिंग में भी भारी दिख रहे रोहित

बल्लेबाजी की बात की जाए तो रोहित इस सीजन कोहली से एक कदम आगे चल रहे हैं। पिछले मैच में उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बेहतरीन पारी खेल टीम की जीत की कहानी लिखी थी, लेकिन कोहली अभी तक ऐसा नहीं कर पाए हैं। पिछले दोनों मैचों में वो बल्ले से बेअसर ही रहे हैं। यहां सोमवार को होने वाले मैच में कोहली की नजरें अपनी फॉर्म में वापसी करने पर होंगी। कोहली इस बात को जानते हैं कि टीम उन पर काफी हद तक निर्भर है। उनका बल्ला शांत रहना मतलब की बैंगलोर की आधी ताकत खत्म होना है। इसलिए कोहली का पूरा ध्यान मुंबई के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के सामने रन करना होगा।

### क्या होगी मुंबई की रणनीति

गेंदबाजी में रोहित थोड़ा सतर्क रहना चाहेंगे क्योंकि सामने दुनिया के दो दिग्गज बल्लेबाज कोहली और डि विलियर्स हैं। अगर इनमें से कोई एक भी चल गया तो रोहित उस अंजाम से वाकिफ हैं। रोहित निश्चित तौर पर किंग्स इलेवन पंजाब और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच हुए मैच को देखेंगे जहां पंजाब ने इन दोनों बल्लेबाजों को रोकने के लिए खास रणनीति के तहत दो लेग स्पिनर उतारे थे। यहां लेग स्पिनर राहुल चहर की जिम्मेदारी बढ़ जाएगी और अगर रोहित दूसरे स्पिनर के साथ जाना चाहेंगे तो यह देखना दिलचस्प होगा कि वो कौन होगा। तेज गेंदबाजी में बुमराह के अलावा ट्रेंट बोल्ट पर भी जिम्मेदारी होगी कि और कोशिश करेंगे कि फिंच, कोहली और डि विलियर्स को शुरूआत में ही पवेलियन में बैठा दें।

### रोहित ने कोलकाता के खिलाफ बनाए थे ताबड़तोड़ 80 रन

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल-13 के 5वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को 49 रन से हराया। मुंबई ने रोहित शर्मा (80) की शानदार पारी की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए, जिसके बाद केकेआर टीम 9 विकेट पर 146 रन बना सकी। मुंबई की इस सीजन में 2 मैचों में यह पहली जीत है जबकि कोलकाता का यह सीजन का पहला ही मैच था। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा अपने पुराने रूप में नजर आए और उन्होंने कोलकाता के खिलाफ मैच में कुल 6 छक्के जड़े। उन्होंने 54 गेंदों पर 3 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। वह ओपनिंग करने उतरे और चौथे विकेट के रूप में टीम के 177 के स्कोर पर आउट हुए, जिन्हें युवा पेसर शिवम मावी ने पैट कमिंस के हाथों कैच कराया। रोहित ने इंडियन प्रीमियर लीग में एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली और वह इस टी20 टूर्नमेंट में 200 छक्के पूरे करने वाले दूसरे भारतीय भी बन गए। रोहित ने बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होने अपने 190वें मुकाबले में यह मुकाम हासिल किया। रोहित आईपीएल में 200 छक्के लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने। उनसे पहले चेन्नै सुपर किंग्स के कप्तान दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी ने इस लीग में 200 छक्के पूरे किए थे। धोनी ने 192 मुकाबलों में 212 छक्के लगाए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की बात करें तो क्रिस गेल सबसे आगे हैं जिन्होंने 12 मैचों में 326 छक्के लगाए हैं। इसके बाद एबी डि विलियर्स ने 155 मैचों में 214 छक्के लगाए हैं। रोहित आईपीएल में 200 छक्के लगाने वाले ओवरऑल चौथे बल्लेबाज हैं।



### बैंगलोर में एबी डि विलियर्स और फिंच, पर मुंबई की बोलिंग मजबूत

सिर्फ कोहली ही नहीं टीम की एक और ताकत एबी डि विलियर्स भी इसी कोशिश में होंगे कि उनके बल्ले से रन निकलें। सलामी जोड़ी की जहां तक बात है तो पहले मैच में अर्धशतक जमाने वाले देवदत्त पडिक्कल अच्छी फॉर्म में हैं। इस मैच में उनके सामने कड़ी चुनौती होगी क्योंकि मुंबई के जसप्रीत बुमराह को खेलना किसी के लिए भी आसान नहीं है। उनके सलामी जोड़ीदार आरोन फिंच भी लय में हैं। वह हालांकि अभी तक कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं, लेकिन उनका बल्ला कभी भी चल सकता है।

### बैंगलोर को चाहिए फिनिशर, बोलिंग चहल पर निर्भर

टीम की एक कमजोरी जो कह सकते हैं वो है एक फिनिशर की। यहां टीम के पास कोई बड़ा नाम या ऐसी प्रतिभा अभी तक नहीं दिखी है जो आखिरी के ओवरों में तेजी से रन कर सके। शिवम दुबे एक नाम हैं लेकिन अभी उनका नाम भी काम नहीं आया है। जोश फिलिपे मुंबई के खिलाफ कहां खेलते हैं इस बात पर भी नजरें होंगी। गेंदबाजी में तो टीम के पास डेल स्टेन जैसा नाम है पर स्टेन में वो धार अभी तक देखने को नहीं मिली जिसके लिए उन्हें जाना जाता है। उमेश यादव और नवदीप सैनी ने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ अच्छा किया था। सही मायने में इन दोनों पर ही टीम की गेंदबाजी का भार होगा। स्पिन में युजवेंद्र चहल पर टीम निर्भर करेगी। चहल ने पिछले दोनों मैचों में अहम समय पर विकेट निकाले थे।

### रोहित ऐंड कंपनी को चहल से खतरा

रोहित ऐंड कंपनी के लिए चहल को दुबई की परिस्थितियों में संभालन असल चुनौती होगी। मुंबई की सलामी जोड़ी क्विंटन डि कॉक और रोहित शर्मा फॉर्म में हैं। सूर्यकुमार यादव भी रन कर रहे हैं। सौरभ तिवारी ने अभी तक बड़ी पारी नही खेली है, लेकिन वह टीम को संभालने में कामयाब रहे हैं। इस सीजन में बस ये चार बल्लेबाज ही मुंबई की धुरी रहे हैं। निचले क्रम में पंड्या ब्रदर्स का बल्ला खामोश ही है और कायरन पोलार्ड भी शांत रहे हैं। बैंगलोर के खिलाफ अगर ऊपरी क्रम विफल रहता है तो इन तीनों पर भार होगा।

### संभावित टीमें

**आरसीबी:** विराट कोहली (कप्तान) आरोन फिंच, देवदत्त पडिक्कल, एबी डि विलियर्स, जोश फिलिप, वॉशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, नवदीप सैनी, उमेश यादव, डेल स्टेन, युजवेंद्र चहल, मोइन अली, पवन देशपांडे, गुरकीरत सिंह मान, मोहम्मद सिराज, क्रिस मौरिस, पवन नेगी, पार्थिव पटेल, शहबाज अहमद, इसुरु उदाना, एडम जाम्पा, केन रिचर्डसन।

**मुंबई:** रोहित शर्मा (कप्तान), आदित्य तारे (विकेटकीपर), अनमोलप्रीत सिंह, अनुकूल रॉय, क्रिस लिन, धवल कुलकर्णी, दिग्विजय देशमुख, हार्दिक पांड्या, ईशान किशन, जेम्स पैटिनसन, जसप्रीत बुमराह, जयंत यादव, कीरन पोलार्ड, क्रूणाल पांड्या, मिशेल मैक्लेंघन, मोहसिन खान, नाथन कल्टर नाइल, प्रिंस बलवंत राय, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), राहुल चहर, सौरभ तिवारी, शेरफाने रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट

# ईस्ट बंगाल इस साल आईएसएल में करेगा पदार्पण

मुंबई ■ एजेंसी

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आयोजकों ने रविवार को बताया कि प्रतिष्ठित क्लब ईस्ट बंगाल आगामी सत्र (2020) में इस फुटबॉल टूनामेंट में पदार्पण करेगा। एक सदी पुरानी क्लब को देश की शीर्ष लीग में जगह दिलाने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममजा बनर्जी का हस्तक्षेप भी काम आया जो इसे लेकर काफी गंभीर थी। नवंबर से शुरू होने वाले आईएसएल में एक सदी पुरानी इस क्लब के जुड़ने की संभावना तभी शुरू हो गयी थी जब कोलकाता के इसके नए निवेशक श्री सीमेंट लिमिटेड ने लीग में प्रवेश करने के लिए बोली दस्तावेज मंगाया था। श्री सीमेंट लिमिटेड और ईस्ट बंगाल के गठजोड़ को श्री सीमेंट ईस्ट बंगाल फाउंडेशन के रूप में जाना जाता है जिसने एफएसडीएल (आईएसएल का संचालन करने वाली इकाई फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड) को बोली दस्तावेज सौंपे थे। टूनामेंट में ईस्ट बंगाल 11वीं टीम होगी। इस घोषणा के बाद एफएसडीएल को अब टूनामेंट का कार्यक्रम बनाने में आसानी होगी। कोविड-19 महामारी के कारण इस साल इसका आयोजन गोवा के तीन स्थलों पर होगा। मौजूदा परिस्थितियों में मैचों का आयोजन दर्शकों के बिना होगा लेकिन बंगाल के दो चिर-प्रतिद्वंद्वियों के इससे जुड़ना टूनामेंट को बड़े स्तर पर ले जाएगा। आईएसएल में ईस्ट बंगाल का स्वागत करते हुए एफएसडीएल की अध्यक्ष नीता अंबानी ने कहा कि मोहन बागान के बाद उनके चिर- प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल के इस टूनामेंट से जुड़ने के बाद यह भारतीय फुटबॉल में एक शानदार विकास है। मोहन बागान एटीके के साथ गठजोड़ कर आईएसएल से जुड़ा है। अंबानी ने यहां जारी बयान में कहा, ईस्ट बंगाल और उनके लाखों प्रशंसकों का स्वागत करना आईएसएल के लिए सुखद और गर्व का क्षण। विरासत वाले दोनों क्लबों यानी ईस्ट बंगाल और मोहन बागान (अब एटीके मोहन बागान) का इसमें समावेश होना भारतीय फुटबॉल के लिए असीम संभावनाएं खोलेगा है, खासकर राज्य में प्रतिभा विकास के लिए। श्री सीमेंट के मालिक और प्रबंध निदेशक, हरि मोहन बांगर ने आखिरी समय में आईएसएल में टीम को जगह दिलाने के लिये पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का शुक्रिया किया।

### इस साल ईस्ट बंगाल के प्रदर्शन का आकलन नहीं करना : भूटिया



महान फुटबॉलर बाईचुंग भूटिया ने रविवार को कहा कि ईस्ट बंगाल का शीर्ष स्तर की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में खेलने का सपना पूरा हो गया है लेकिन प्रशंसकों को इस सत्र में ज्यादा उम्मीदें नहीं रखनी चाहिए क्योंकि क्लब ने अभी इसमें प्रवेश किया है। ईस्ट बंगाल के श्री सीमेंट को मुख्य प्रायोजक बनाने के एक महीने से भी कम समय बाद आईएसएल के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलमपेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने अधिकारिक रूप क्लब को लुभावनी लीग में शामिल करने की घोषणा की। अगला चरण नवंबर में गोवा के तीन स्थलों में खेला जायेगा। पूर्व भारतीय कप्तान और क्लब के महान खिलाड़ी भूटिया ने सिक्किम से बात करते हुए कहा, दर्शकों के हिसाब से देखें तो हर कोई इस साल आईएसएल में खेलने की उम्मीद कर रहा था। अब यह हो गया है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से टीम को बनाने की चुनौती होगी। हमें इस साल टीम के प्रदर्शन का आकलन नहीं करना चाहिए। प्रतिद्वंद्वी क्लब एटीके मोहन बागान पहले ही गोवा में पृथकवास में प्रवेश कर चुका है जबकि ईस्ट बंगाल को अभी विदेशी खिलाड़ियों और कोच की घोषणा करनी है। अभी ईस्ट बंगाल में 35 खिलाड़ी हैं जिसमें मौजूदा भारतीय टीम के खिलाड़ी बलवंत सिंह भी शामिल हैं। भूटिया ने कहा कि क्लब को टीम बनाने में मुश्किल होगी और उन्हें लंबे समय के लिये टीम बनाने पर ध्यान लगाना चाहिए।

# मोदी सरकार के रहते नहीं हो सकती भारत-पाकिस्तान सीरीज : अफरीदी

लाहौर ■ एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने का अवसर नहीं मिलने से निराश पाकिस्तानी क्रिकेटर अब भारत सरकार पर निशाना साधने लगे हैं। पाक के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा है कि जब तक भारत में नरेंद्र मोदी सरकार रहेगी तब तक भारत और पाक के बीच सीरीज नहीं हो सकती है। इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा कि युवा पाक क्रिकेटर आईपीएल में खेलना चाहते हैं पर इसके लिए भी भारत ने प्रतिबंध लगाया हुआ है। अफरीदी ने कहा, पाक सरकार हमेशा ही भारत से क्रिकेट खेलने के लिए तैयार है पर भारत में वर्तमान सरकार के रहते हुए दोनों देशों के बीच क्रिकेट की कोई संभावना नहीं है। अफरीदी ने यह भी कहा कि दुनिया की सबसे महंगी क्रिकेट लीग में खेलने का अवसर नहीं मिलने से भी पाक के युवा खिलाड़ी निराश हैं। आईपीएल में खेलने से उन्हें काफी फायदा मिलता पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड आईपीएल में पाक खिलाड़ियों को शामिल नहीं करता है। गौरतलब है कि मुम्बई धमाके के बाद से ही भारत और पाक में कोई क्रिकेट सीरीज नहीं हुई है। अंतिम बार दोनों टीमों के बीच साल 2007 में सीरीज हुई थी। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज को भारत ने 1-0 से जीता था. इसके अलावा दोनों टीमों के बीच पिछले सात साल से कोई एकदिवसीय सीरीज नहीं हुई है।



**समीक्षा** — स्थानीय मांग प्रभावित होने से मूंगफली तेल कीमतों में नरमी दर्ज की गई

# बीते सप्ताह सरसों तेल तिलहन में तेजी रही

नई दिल्ली ■ एजेंसी

पिछले सप्ताह दिल्ली के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल तिलहन की कीमतों में तेजी का रुख बना रहा जिससे सरसों दाना सहित उसके तेल की कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। दूसरी ओर सस्ते आयातित तेल की आवक बढ़ने और इससे स्थानीय मांग प्रभावित होने से मूंगफली तेल कीमतों में नरमी देखी गई। बाजार के जानकारों ने कहा कि मलेशिया में पाम तेल का अत्यधिक मात्रा में स्टॉक जमा होने और उसकी तुलना में मांग कमजोर होने से कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल कीमतों में भी गिरावट दर्ज हुई। तिलहन फसलों की मांग आने से सोयाबीन दाना और लूज के भाव लाभ दशार्ते बंद हुए, जबकि सस्ते डीगम तेल के देश के बंदरगाहों पर बढ़ते स्टॉक के कारण सोयाबीन के सभी तेलों की कीमतों में गिरावट



आई। सस्ते आयातित तेल के मुकाबले स्थानीय मांग न होने से बिनौला तेल कीमतों में भी हानि दर्ज हुई। पिछले सप्ताह सरकार ने सरसों में सस्ते आयातित तेलों की मिलावट पर पूर्ण रोक लगा दी है जो एक अक्टूबर, 2020 से प्रभावी है। खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने भी इस संबंध में दिशानिर्देश जारी करते हुए मिलावट किए जाने वाले तेल को बगैर मिश्रित तेल के रूप में निपटाने का निर्देश दिया है।

आलोच्य सप्ताह के दौरान घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सरसों दाना (तिलहन फसल) पिछले सप्ताहांत के मुकाबले 100 रुपये का सुधार दशार्ता 5,500-5,550 रुपये प्रति क्विन्टल पर बंद हुआ। सरसों तेल (दादरी) 50 रुपए बढ़कर 10,850 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सरसों पक्की और कच्ची घानी के तेल क्रमशः 15 रुपए और पांच रुपए के सुधार के साथ समीक्षाधीन सप्ताहांत में क्रमशः 1,695-1,845 रुपए और 1,815-1,925 रुपए प्रति टिन पर बंद हुआ। दूसरी ओर सस्ते आयातित तेल के आगे मांग प्रभावित होने से मूंगफली दाना 35 रुपए की हानि के साथ 4,870-4,920 रुपए प्रति क्विन्टल पर बंद हुआ। मूंगफली तेल गुजरात 250 रुपए की हानि के साथ 12,500 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ, जबकि मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड 30 रुपए की हानि के साथ 1,855-1,915 रुपए प्रति टिन पर बंद हुआ।

तिलहन फसलों की मांग आने से सोयाबीन दाना और लूज के भाव क्रमशः 10-10 रुपए की तेजी के साथ क्रमशः 3,780-3,805 रुपए और 3,630-3,680 रुपए प्रति क्विन्टल पर बंद हुए। दूसरी ओर सस्ते आयातित तेल का आयात बढ़ने और मांग कमजोर होने के कारण सोयाबीन तेल (दिल्ली) 350 रुपए, सोयाबीन इंदौर 320 रुपए और सोयाबीन डीगम 300 रुपए की हानि दशार्ते क्रमशः 9,750 रुपए, 9,600 रुपए और 8,700 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

# वैश्विक बाजार में इस सप्ताह 9500 से ज्यादा सस्ता हुआ में सोना-चांदी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

कोरोनाकाल में इस सप्ताह वैश्विक शेयर बाजार में सोना और चांदी की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिली। सोना और चांदी की कीमत में इस सप्ताह मार्च के बाद की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। क्राइसिस की संभावना जैसे-जैसे बढ़ रही है, डॉलर मजबूत होता जा रहा है और इसके कारण सोना-चांदी की कीमत गिरती जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सोने की कीमत में इस सप्ताह 4.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जबकि चांदी की कीमत में 15 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। इस सप्ताह में सोने की कीमत में करीब 1800 रुपये और चांदी की कीमत में करीब 9600 रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं सोना अपने ऑल टाइम हाई से अब तक 6400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो चुका है। बात अगर चांदी की करें तो चांदी सात अगस्त के अपने उच्च शिखर से 18500 रुपये तक टूट चुकी है। सात अगस्त को सराफा बाजारों में सोना 56254 पर खुला था। यह अपने सर्वोच्च शिखर पर था, जबकि चांदी 76008 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई थी। गुड रिटर्न पर उपलब्ध डेटा के मुताबिक एक सितंबर को 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 50750 रुपये प्रति दस ग्राम थी, जबकि 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 51750 रुपये प्रति दस ग्राम थी। आज 24 कैरेट दस ग्राम सोने की कीमत 49310 रुपये और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 48310 रुपये है।



# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के प्रयास से जेसीमिल के श्रमिकों को आवास के पट्टे मिलने का रास्ता हुआ साफ

## रहवासियों को मिलेंगे स्थायी पट्टे

**ग्वालियर।** जेसीमिल के श्रमिकों को उनके मकान का अधिकार मिले इसके लिये प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भरपूर प्रयास कर शासन को प्रस्ताव भिजवाया और शासन की सहमति के बाद अब जेसीमिल के श्रमिकों को उनके मकान का मालिकाना हक मिले, इसके लिये पट्टे देने का निर्णय मध्यप्रदेश सरकार ने किया है। मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग द्वारा जारी आदेश से नगरीय क्षेत्र की शासकीय भूमि का पट्टा दिया जाना संभव हो गया है। जेसीमिल के श्रमिकों को पट्टा देने के संबंध में कलेक्टर ग्वालियर द्वारा शासकीय भूमि के 710 भू-खण्ड धारकों को भूमि आवंटन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। शासन द्वारा ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के विशेष आग्रह पर 30 वर्ष का स्थायी पट्टा जारी करने का निर्णय लिया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि उनके क्षेत्र में स्थित जेसीमिल के श्रमिकों को उनके मकान का पट्टा दिलाने के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केबीनेट में निर्णय कर आवास के पट्टे देने का निर्णय किया है। इससे जेसीमिल के ऐसे श्रमिक जो मिल बंद होने के बाद आर्थिक रूप से परेशान हैं उन्हें एक बड़ा संबल मिलेगा। शासकीय आदेश 24 सितम्बर 2020 के द्वारा यह निर्देश जारी किया गया है कि नगरीय क्षेत्रों में स्थित शासकीय भूखंडो के ऐसे अधिभोगियों को, जो उनके अधिभोग में 31 दिसम्बर 2014 या उसके पूर्व निर्विवाद रूप से आधिपत्य में रहे हैं और वर्तमान में भी आधिपत्य में चले आ रहे हैं, उनको चिन्हीत कर प्रब्याजि एवं भू-भाटक लेकर उनके अधिभोग के भूखण्डों के 30 वर्षीय स्थाई पट्टे जारी किये जायें, जिसमें आवासीय भूखंड के मामले में 150 वर्गमीटर तक के क्षेत्रफल के लिए वर्तमान बाजार मूल्य के 5 प्रतिशत, 200 वर्गमीटर तक अतिरिक्त क्षेत्रफल के लिये वर्तमान बाजार मूल्य का 10 प्रतिशत एवं 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल के मामले में सम्पूर्ण क्षेत्रफल के लिए वर्तमान बाजार मूल्य का 100 प्रतिशत के बराबर प्रब्याजि लेकर वार्षिक भू-भाटक दिया जा सकेगा। वाणिज्यिक, व्यावसायिक भूखंड के मामले में 20 वर्गमीटर तक के भूखंड वर्तमान बाजार मूल्य के 25 प्रतिशत, 100 वर्गमीटर तक के अतिरिक्त क्षेत्रफल के लिये 50 प्रतिशत एवं 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल के मामले में सम्पूर्ण क्षेत्रफल के वर्तमान बाजार मूल्य के 100 प्रतिशत के बराबर प्रब्याजि लेकर पट्टा दिया जा सकेगा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जेसी मिल भूमि के रहवासी मेरे परिवार के सदस्य हैं उनके लिये जितना किया जाये उतना कम है। लाइनों में रहने वाले रहवासियों को राशन की पात्रता पर्ची भी जारी कर दी है साथ ही एक किलो वाट के विद्युत के उपभोक्ताओं के बिजली के बिल फ्रीज कर दिये हैं। लाइनों में पार्क बनाये जा रहे हैं। उनकी सभी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने एक करोड़ 39 लाख के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड 5,11,16 व 17 में एक करोड़ 39 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन करते हुए कहा कि मैने आमजन से क्षेत्र के विकास का वादा किया था, अब वह पूरा होने जा रहा है उपनगर ग्वालियर में विकास कार्य बहुत ही तेजी से कराये जा रहे हैं, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो यही मेरा प्रयास रहता है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि वार्ड 16 रामजानकी मंदिर कांच मिल चंदनपुरा रोड पर 4 लाख 75 हजार रूपये की लागत से नाली निर्माण, नेहरू नगर में डामरीकरण निर्माण कार्य लागत 33 लाख 80 हजार, वार्ड 17 कांचमिल रोड डामरीकरण कार्य 32 लाख 41 हजार, वार्ड 2 सिंधिया नगर में मंदिर की सीढियों का निर्माण कार्य, वार्ड 5 यादव वाला मोहल्ला शुक्ला प्लांट की बगल वाली गली का डामरीकरण कार्य एवं दुर्योधन तोमर वाली गली का डामरीकरण कार्य लागत 50 लाख एवं वार्ड 11 में डॉ. हरी के अस्पताल से बजरिया तक 17 लाख 82 हजार रूपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य कराया जा रहा है। क्षेत्र का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी है। ट्रीपल आईटीएम से फूलबाग तक एलीवेटेड रोड, चार शहर का नाका से सागरताल तक डिवाइडर, हजीरा से चार शहर का नाका तक सीमेंड कंक्रीट रोड, ट्रीपल आइटीएम के सामने 10 करोड की लागत से खेल स्टेडियम व 171 करोड की लागत से दिव्यांग खेल स्टेडियम बनाया जा रहा है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बस अड्डा। शिक्षा नगर में प्रदेश का पहला स्मार्ट स्कूल बनने जा रहा है। साथ ही पटेल स्कूल को उत्कृष्ट स्कूल के रूप में बनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि क्षेत्र



का विकास ही मेरी प्राथमिकता है, अगर कोई क्षेत्र विकास से पिछड रहा है तो आप मुझे अवगत करायें वहां भी कार्य कराया जायेगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि 21 हजार परिवारों को पात्रता पर्ची वितरित की जा रही है। कोई भी गरीब भूखा न रहे इस उद्धेश्य से प्रदेश सरकार कार्य कर रही हैं। क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर कराये जा रहे हैं। साथ ही अधिकारियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य गुणवत्तापूर्ण के साथ साथ समय पर पूर्ण हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होने कहा कि पिछडी हुई कॉलोनियों में विद्युतीकरण का कार्य भी चालू हो गया है। साथ ही प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए एक किलोवाट तक के बिजली के बिल 31 अगस्त तक के बिल फ्रीज कर दिये गए हैं। भूमि पूजन के अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री ब्रजमोहन शर्मा, श्री ओमप्रकाश शेखावत, पार्षद श्री संतोष भारती, श्री अजीत राजपूत, श्री जगन्नाथ सिकरवार, श्री मल्लू खान, रहीस खान, श्री शहजाद, श्री माता प्रसाद कुशवाह, श्री रघुवीर राय सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# मानव सेवा ही मेरा परम लक्ष्य : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## 838 लाख की लागत से शासकीय प्रसूति गृह बिरला नगर में 50 बिस्तरीय अस्पताल बनेगा


**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 8 करोड़ 38 लाख की लागत से शासकीय प्रसूति गृह बिरला नगर में 50 बिस्तरीय मेटरनिटी विंग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते हुए कहा कि मानव सेवा ही मेरा परम लक्ष्य रहा है, अस्पताल में क्षेत्र की माता बहने परेशान होती थी उनकी समस्या को ध्यान में रखते हुए आज 50 बिस्तरीय अस्पताल का भूमि पूजन किया जा रहा है, जल्द ही यह अस्पताल मूर्त रूप ले लेगा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि गरीबों के लिए नजदीक ही चिकित्सा सुविधा मिले यही मेरा प्रयास रहा इसलिए मैने पिछडे क्षेत्रों में संजीवनी क्लीनिक खुलवाये साथ ही सिविल अस्पताल हजीरा को सर्वसुविधा युक्त बनाया जा रहा है। जहां उनको बेहतर इलाज मिल सकेगा। साथ ही जेएएच अस्पताल में बायपास सर्जरी की सुविधा भी आपको मिलने जा रही, अब आपको उसके लिए दिल्ली नही जाना पडेगा। यह सब आपके कारण ही सम्भव हो पाया है। श्री तोमर ने कहा कि प्रसूति गृह में आने वाले नागरिकों के लिए सुलभ कॉम्लेक्स का भी आज उद्घाटन किया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10 सीटर सुलभ कॉम्लेक्स 15 लाख की लागत से बनाया गया है। इसके साथ ही बिरला नगर




पुलिस चौकी जो पहले रोड पर बनी थी जिसके कारण ट्रेफिक जाम होता था उसको भी पीछे हटाकर बनाया गया है। मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि आमजन को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जेसी मिल के मजदूरों की छत नही छिनेगी, उनको स्थाई पट्टे दिये जायेगें। जेसी मिल के रहवासी मेरे परिवार के सदस्य हैं उनके लिये जितना किया जाये उतना कम है। लाइनों में रहने वाले रहवासियों को राशन की पात्रता पर्ची भी जारी कर दी है साथ ही 1 किलो वाट के विद्युत के उपभोक्ताओं के बिजली के बिल फ्रीज कर दिये हैं। लाइनों में पार्क बनाये जा रहे हैं। उनकी सभी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि क्षेत्र में विकास की गंगा बहा दी है, युवाओं के लिए 171 करोड़ की लागत से दिव्यांग स्टेडियम बनाया जा रहा है, साथ ही 10 करोड़ की लागत से खेल स्टेडियम भी बनेगा। इसके साथ ही कांचमिल नवीन पार्क एक भव्य पार्क के रूप में बनाया गया हैं, शहर का इकलोता ऐसा पार्क है जहां आमजन के मनोरंजन व उनकी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। उसी तर्ज पर तिकोनिया पार्क बनाया जा रहा है। साथ ही युवाओं के लिये मनोरंजनालय में पार्क व ओडोटोरियम बनेगा। भूमि पूजन के अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री ब्रजमोन शर्मा, श्री मानसिंह राजपूत श्री ओमप्रकाश शेखावत, पार्षद श्री संतोश भारती, श्री प्रकाश कोल, श्री देवेन्द्र तोमर, श्री संजीव बोहरे, श्री शैलेन्द्र सिकरवार, श्री प्रकाश कोली सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मुरैना के विकास में जुड़ा एक और नया अध्याय: मुख्यमंत्री श्री चौहान




## 108 करोड़ रूपये की लागत से बने डेढ़ कि.मी. लम्बे फ्लाई ओवर का लोकार्पण सम्पन्न

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से प्रदेश में विकास-गाथा लिखी जा रही है। इस विकास-गाथा में नित नये अध्याय जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान मुरैना में 108 करोड़ रूपये की लागत से बने 1.5 कि.मी. लम्बे फ्लाई ओवर के लोकार्पण कार्यक्रम को भोपाल से वेबकास्ट पर संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय कृषि तथा पंचायत राज ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल व्ही.के. सिंह, केन्द्रीय इस्पात राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते तथा राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यक्रम में डिजिटल सहभागिता की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने फ्लाई ओवर के लिये केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फ्लाई ओवर के निर्माण से मुरैना में आवागमन सुविधाजनक होगा। आज मुरैना के विकास में एक नया अध्याय जुड़ा है। मुख्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुरैना को नगर निगम बनाने, अस्पताल तथा कलेक्ट्रेट भवन निर्माण, सड़क



नेटवर्क व सिंचाई सुविधा के विस्तार जैसी गतिविधियों से क्षेत्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। भिण्ड में सैनिक स्कूल और मुरैना में चंबल से पानी लाने की दिशा में भी कार्य जारी है। विकास गतिविधियां निरंतर जारी रहेंगी। मुरैना देश में अपनी विशेष पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ग्वालियर में दिव्यांग परिसर के लिये केन्द्रीय मंत्री श्री थावरचंद गहलोत को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर की पहल पर आये कृषि बिल किसान की आय को दोगुना करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। केन्द्रीय कृषि एवं पंचायत राज ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने लोकार्पण अवसर पर कहा कि फ्लाई ओवर से समय भी बचेगा और ईंधन भी। साथ ही प्रदूषण और दुर्घटनाओं से मुक्ति मिलेगी। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल व्ही.के. सिंह ने इस अवसर पर कहा कि बेहतर सड़कें विकास को गति देती हैं।

# हरज्ञान बोले मदद मिली तो ऐसा लगा दिवंगत धर्मपत्नी अब भी मेरे साथ है

**ग्वालियर ।** हरज्ञान अपने दाम्पत्य जीवन से बड़े खुश थे। जीवन में कई बार कठिन दौर भी आए पर धर्मपत्नी रामकली ने कभी उन्हें अकेलापन महसूस नहीं होने दिया। पति-पत्नी कंधे से कंधा मिलाकर मेहनत करते और सुकून के साथ खुशी-खुशी अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे। इसी बीच बीमारी की वजह से रामकली सदा के लिये उनका साथ छोड़कर चली गई। हरज्ञान बिलकुल अकेले पड़ गए। जब उनसे अपनों ने भी मुँह फेर लिया था। ऐसे कठिन समय में मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना ने उन्हें हौसला दिया है। ग्वालियर जिले की जनपद पंचायत मुरार के ग्राम बंधौली निवासी श्री हरज्ञान सिंह कुशवाह कहते हैं कि जब मुझे ग्राम पंचायत सचिव से पता चला कि प्रदेश सरकार संबल योजना में शामिल परिवार के कमाऊ सदस्य की असमय मृत्यु होने पर परिवार को राहत बतौर अनुग्रह सहायता देती है। सचिव ने बताया आपकी धर्मपत्नी स्व. रामकली का नाम संबल योजना के हितग्राहियों में शामिल था।



इसलिये सरकार से आपको दो लाख रूपए की अनुग्रह सहायता मिलेगी। यह सुनकर मुझे लगा कि इहलोक से विदा होने के बाद भी धर्मपत्नी हमें सहारा दे रहीं हैं। असल में सरकार की संबल योजना से यह संभव हो रहा था। हरज्ञान बताते हैं कि मेरी धर्मपत्नी ने जीवन भर मुझसे भी ज्यादा मेहनत की और बच्चों का भी बेहतर ढंग से लालन-पालन किया। बड़े होने पर बच्चों के जब घर बस गए तो वे मुझसे अलग रहने लगे। मुझे थोड़ा बुरा लगा तब धर्मपत्नी बोली आप चिंता क्यों करते हो हम आपके साथ हैं। उनका कहना है जिस प्रकार जीवन भर धर्मपत्नी ने हमारा साथ दिया। उसके जाने के बाद मध्यप्रदेश सरकार ने हमें सहारा दिया है। हरज्ञान कहते हैं कि मेरा नाम मध्यप्रदेश भवन संनिर्माण एवं कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत है। इसलिये मुझे एक रूपए किलो की दर से राशन भी मिल जाता है। सरकार से संबल योजना के तहत मिले 2 लाख रूपए हमने आड़े वक्त के लिये बैंक में जमा कर रखे हैं। हरज्ञान कहते हैं कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनायें जरूरतमंदों की कितनी मददगार हैं उसे हम जैसे लोगों से मिलकर ही महसूस किया जा सकता है।

# जिले के सभी शस्त्र लायसेंस निलंबित 2 तक शस्त्र लायसेंस जमा कराने होंगे

**ग्वालियर।** जिले में प्रस्तावित विधानसभा उप निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जा रहे हैं। इस कड़ी में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने एक आदेश जारी कर जिले के अंतर्गत समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तियाँ (शस्त्र लायसेंस) निलंबित कर दिए हैं। शस्त्र जमा करने की तिथि बढ़ा दी गई है। अब सभी शस्त्र लायसेंसधारियों को 2 अक्टूबर तक शस्त्र जमा कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। शस्त्रधारी अपने शस्त्र संबंधित पुलिस थानों अथवा रक्षित पुलिस लाइन में जमा कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने साफ किया है कि समयावधि के भीतर शस्त्र जमा न करने वाले शस्त्र लायसेंसधारियों के खिलाफ भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 एवं आयुध अधिनियम 1959 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जायेगी। ज्ञात हो जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 15-ग्वालियर, 16-ग्वालियर पूर्व एवं 19-डबरा (अजा.) में उपचुनाव प्रस्तावित है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश माननीय न्यायाधिपतिगण, न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, शासकीय अभिभाषक, सुरक्षा व चुनाव व्यवस्था आदि में कर्तव्य पालन के लिये तैनात किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुरक्षा बल, अर्द्धसैनिक बल, विशिष्ट व्यक्तियों, अधिकारियों व उम्मीदवारों की सुरक्षा में लगाए गए पुलिस कर्मियों सहित अन्य शासकीय बलों, बैंक गार्डों आदि पर लागू नहीं होगा। किसी धार्मिक कानून एवं परम्परा के अंतर्गत अस्त्र-शस्त्र धारित किए जाने वाले व्यक्तियों पर प्रभावशील नहीं होगा। लेकिन ऐसे व्यक्ति घर, कार्यस्थल व ड्यूटी को छोड़कर अनावश्यक रूप से शस्त्र धारण व प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। आदेश में यह भी साफ किया गया है कि यदि ग्वालियर जिले में किसी सार्वजनिक अथवा निजी प्रतिष्ठान को सुरक्षा के लिये शस्त्र धारक सुरक्षा बल की जरूरत है तो उन संस्थानों को कारण प्रदर्शित करते हुए कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्र.-114 में आवेदन देकर विधिवत अनुमति लेनी होगी। ऐसे लायसेंसधारी जिनके लायसेंस जिले से बाहर पंजीकृत हैं उन्हें इस जिले के साथ-साथ उस जिले के जिला दण्डाधिकारी से भी अनुमति प्राप्त करनी होगी, जहाँ शस्त्र लायसेंस पंजीकृत है।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रद्धांजलि शोक संदेश उठावनी
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
(Min. size 5×8)
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
PUSHPANJALI TODAY न्यूज नई सोच नई पहल
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कालोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478